

दैनिक सुप्रभात रायपुर आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 26 ▸ अंक : 85 रायपुर, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ₹ 2.00 RNI NO. CHH HIN/2001/05596


3 सरकार को है किसानों...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

अल्लू अर्जुन नासा में ... 8

जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...



## पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता मोहसिना किदवई सुपुर्द खाक

**एजेंसी, नोएडा**

एक समय गांधी परिवार की भरोसेमंद साथी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई को दिल्ली के निजामुद्दीन कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया। 94 वर्षीय मोहसिना का बुधवार सुबह नोएडा के मेट्रो अस्पताल में हृदयाघात से निधन हो गया था। मोहसिना के निधन की खबर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश सहित कई बड़े नेता उनके घरपहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने कब्रिस्तान पहुंचे। पहुंचे।

कांग्रेस की नेता मोहसिना किदवई नोएडा के सेक्टर 40 में अपने परिजनों के साथ रह रही थी। बुधवार सुबह उन्हें गंभीर हालत में नोएडा के सेक्टर 12 स्थित अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार उनकी मौत हृदयाघात के चलते हुई है। मोहसिना किदवई की के निधन की सूचना पाकर कांग्रेस के कई बड़े नेता, पूर्व मंत्री और उनके समर्थक उनके आवास पर पहुंचने लगे। मोहसिना के परिजनों को सांत्वना देने वालों का तांता लग गया।

### अमेरिका-ईरान दो हफ्ते के संघर्ष विराम पर सहमत, इजराइल भी राजी

# होर्मुज में शांति की आहट

# इस्लामाबाद वार्ता की तैयारी

**एजेंसी, वाशिंगटन/तेल वीव**



अमेरिका और ईरान दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। ईरान के 10 सूत्री प्रस्ताव पर यह समझौता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समयसीमा से दो घंटे से भी कम समय पहले हुआ। ट्रंप ने मंगलवार की समय सीमा तय करते हुए तेहरान से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने या फिर समूची सभ्यता को मिटा दिए जाने का सामना करने की चेतावनी दी थी। मंगलवार देर रात ट्रंप की सहमत होने की घोषणा उनकी असाधारण चेतावनी से एकदम उलट रही। यह घोषणा पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मध्यस्थता प्रयासों के बाद सामने आई।

गल्फ न्यूज, अल जजीरा, तसनीम, सीबीएस न्यूज और सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने पुष्टि की है कि अगले दो हफ्तों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति ईरानी सेना के प्रबंधन में दी जाएगी। अराकची ने बुधवार तड़के अपने एक्स हैंडल पर ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की ओर से युद्ध में प्रस्तावित युद्ध विराम के बारे में बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि अमेरिका के 15 और ईरान के 10 सूत्री प्रस्ताव के बाद शांति का यह अवसर मिला है। बयान में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सैन्य प्रमुख का आभार जताया गया है। इसमें कहा गया है कि दो सप्ताह की अवधि के लिए ईरान के सशस्त्र बलों के साथ समन्वय और तकनीकी सीमाओं का ध्यान रखते हुए होर्मुज़ जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग संभव होगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका–इजराइल के 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान में अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई, कई वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की मौत हो गई थी। इसके बाद छिड़ा युद्ध खाड़ी देशों तक फैल गया। होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान ने कड़ा पहरा बैठा दिया। जहाजों के आवागमन पर रोक लगा दिया। इससे सारी दुनिया में तेल और गैस का संकट पैदा हो गया। संघर्ष विराम पर सहमत होने के बावजूद ईरान ने इस बात पर जोर दिया है कि इस्लामाबाद में होने वाली बातचीत संघर्ष की समाप्ति का संकेत नहीं होगी, बल्कि कूटनीतिक प्रयासों के विस्तार के रूप में होगी।

### ईरान का 10 सूत्री प्रस्ताव-

1– अमेरिका को सैद्धांतिक रूप से आक्रमण न करने की गारंटी देने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।
2– होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का निरंतर नियंत्रण बना रहे।
3– ईरान के यूरेनियम संवर्धन के अधिकार को स्वीकार किया जाना चाहिए।
4– सभी प्राथमिक प्रतिबंधों को हटाया जाए।
5– सभी द्वितीयक प्रतिबंधों को हटाया जाए।
6– संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी प्रस्तावों को समाप्त किया जाए।
7– अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सभी प्रस्तावों को समाप्त किया जाए।
8– ईरान को पहुंचाए गए नुकसान के लिए मुआवजे का भुगतान किया जाए।
9– इस क्षेत्र से अमेरिकी लड़ाकू बलों की वापसी हो।
10– लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध की समाप्ति हो।

## सिक्किम के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मिलकर विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की



**एजेंसी, नई दिल्ली**

08 अप्रैल (हि.स.)। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यहां मुलाकात कर राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण और सार्थक बातचीत हुई। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री तमांग ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी देते हुए इसे सम्मानजनक बताया।

तमांग ने बैठक के दौरान सिक्किम की प्रमुख विकास प्राथमिकताओं और उभरती जरूरतों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, सतत विकास और राज्य के लोगों के समग्र कल्याण के लिए केंद्र से सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने जून 2026 से फिर से शुरू होने वाले नाथुला दर्रा (सिल्क रूट) व्यापार मार्ग को फिर से खोलने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय समुदायों और व्यापारिक गतिविधियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

इसके अलावा तमांग ने सिक्किम राज्य स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया, जिसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास और समृद्धि के लिए केंद्र द्वारा लगातार मिल रहे मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और समर्थन के लिए भी आभार जताया।

## खरीफ फसलों के लिए 'पीएंडके' उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने देश में इस साल की खरीफ की फसल (एक अप्रैल से 30 सितंबर) के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) को मंजूरी दे दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इस साल की खरीफ फसलों के लिए अनुमानित बजट लगभग 41,533.81 करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की खरीफ की फसलों की तुलना में करीब 4,317 करोड़ रुपये अधिक है। पिछले वर्ष खरीफ 2025 के लिए बजट 37,216.15 करोड़ रुपये था।

केंद्र ने कहा कि इस निर्णय से किसानों को डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड सहित 'पीएंडके' उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और उन्हें सब्सिडी दरों पर किफायती मूल्य पर उर्वरक मिलेंगे।

केंद्र ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों हालिया कीमतों को ध्यान में रखते हुए सब्सिडी दरों को मंजूरी दी गई है। वर्तमान में सरकार 28 ग्रेड के 'पीएंडके' उर्वरक, जिनमें डीएपी भी शामिल है, किसानों को सब्सिडी दरों पर दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि एनबीएस योजना अप्रैल 2010 से लागू है और इसके तहत उर्वरक कंपनियों को अनुमोदित दरों पर सब्सिडी दी जाती है ताकि किसानों तक उर्वरक सस्ती दरों पर पहुंच सके।

## देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई स्थिर : सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**





पश्चिम एशिया में सीजफायर की घोषणा का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति आएगी। सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई स्थिर है। तेल रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के साथ पूरी क्षमता से चल रही हैं, जबकि 23 मार्च से अब तक 5 किलो के लगभग 8,90,000 सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। कोयला आधारित बिजली देश की ऊर्जा जरूरतों का लगभग 70 फीसदी हिस्सा पूरा करना जारी रखे हुए है।

पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने अंतर–मंत्रालयी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। सुजाता शर्मा ने कहा कि पिछले पांच दिनों में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने करीब 1,600 जागरूकता कैंप लगाए हैं, जिनमें लगभग 14,000 सिलेंडर बांटे गए हैं। उन्होंने कहा कि कल लगभग 1.1 लाख गैस सिलेंडर की सप्लाई की गई, जिससे 23 मार्च से अब तक पांच किलो वाले गैस सिलेंडर की कुल बिक्री लगभग 8.9 लाख हो गई है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने गुजरात वाले बयान पर खेद जताया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल ही में गुजरात के लोगों पर दिए अपने बयान पर विवाद बढ़ने के बाद खेद जताया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। उनका उद्देश्य कभी भी गुजरात के लोगों की भावनाओं को आहत करने का नहीं था।

खरगे ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि कुछ समय पहले केरल में दिए उनके बयान की कुछ टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद वह जिम्मेदारी के साथ खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके मन में गुजरात के लोगों के लिए हमेशा सर्वोच्च सम्मान रहा है। यह सम्मान आगे भी ऐसे ही रहेगा। उनका राज्य के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य कभी भी नहीं था। उल्लेखनीय है कि खरगे ने हाल ही में केरल के इडुक्की में चुनावी रैली में कहा था कि केरल के लोग 'पढ़े–लिखे और समझदार' हैं और उन्हें गुमराह नहीं किया जा सकता।

### बिलासपुर दौरे पर पहुंचा सचिन तेंदुलकर का परिवार

## पत्नी अंजलि,बेटी और बहू ने बैगाओं के जीवन को करीब से देखा



**बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

भारत रत्न और पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का पूरा परिवार छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर पहुंचा। मंगलवार की दोपहर में उनका पूरा परिवार मुंगेली स्थित अचानकमार टाइगर रिजर्व के बम्हनी गांव पहुँचा।

बेटी सारा तेंदुलकर के साथ डॉ अंजलि तेंदुलकर ने बैगा आदिवासी परिवार से भेंट मुलाकात की। इस दौरान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का परिवार बैगा परिवार से बातचीत की।

इस दौरान गांव में संचालित फुलवारी केंद्र का अवलोकन किया। वहीं ट्रायबल बच्चों के शिक्षा , स्वास्थ और पोषण की चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पूरा परिवार मंगलवार की सुबह 5:30 बजे पहुंचा। यह कार्यक्रम पूरी तरह से गोपनीय रखा गया।

परिवार ने शहर और ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान सचिन तेंदुलकर की पत्नी अंजलि तेंदुलकर, बेटी सारा तेंदुलकर और बहू सानिया तेंदुलकर ने ग्रामीणों से बातचीत की।






## सेनाध्यक्ष ने लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरकर परखी लड़ाकू क्षमता

बेंगलुरु में एचएएल का दौरा कर ऑपरेशन और क्षमताओं के बारे में जानकारी हासिल की

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का दौरा किया। उन्होंने लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरकर इसकी लड़ाकू क्षमता, फुर्ती और मिशन की तैयारी का अनुभव किया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एचएएल के हेलीकॉप्टर हैंगर के दौरे में चल रहे ऑपरेशन्स और क्षमताओं के बारे में जानकारी हासिल की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी फरवरी में जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन से प्रचंड में उड़ान भरी थी।

चीन के खतरों को देखते हुए सेना ने असम के मिसामारी में प्रचंड को तैनात किया है। यहां से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) महज 250 किमी. दूरी पर है। इसी तरह अरुणाचल प्रदेश में चार एलसीएच तैनात किये गए हैं, जो एलएसी के अग्रिम इलाकों को कवर कर रहे हैं। एचएएल से सेना को 05 और वायुसेना को 10 हेलीकॉप्टर मिल चुके हैं, जिनका इस्तेमाल दोनों सेनाएं कर रही हैं। भारतीय सेनाओं की भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विशेष तौर पर तैयार किये गए यह हेलीकॉप्टर दुर्गम स्थानों और सघन पर्वतीय क्षेत्रों में भी कारगर हैं। इसे कई तरह के बड़े बम, बंदूकों और मिसाइलों से लैस किया जा सकता है। इसे खासतौर पर ऊंचे पहाड़ों लद्दाख, सियाचिन जैसे इलाकों के लिए डिजाइन किया गया है।

सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज एचएएल में निर्मित होने वाले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' और लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) के हैंगर का भी दौरा किया और चल रहे ऑपरेशन्स और क्षमताओं के बारे में जानकारी हासिल की।

## जयशंकर से मुलाकात में बांग्लादेश के विदेश मंत्री ने किया डीज़ल-उर्वरक आपूर्ति बढ़ाने का अनुरोध

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बांग्लादेश की नई सरकार के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान ने अपने पहले भारत दौरे में बुधवार को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान जयशंकर ने संबंधों को और मजबूत करने की भारत की इच्छा को दोहराया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में उम्मीद जताई कि इसके बाद की आधिकारिक बैठकें जल्द ही आयोजित की जाएंगी। वहीं बैठक के दौरान मेहमान नेता ने भारत से डीज़ल–उर्वरक आपूर्ति बढ़ाने का अनुरोध किया है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान से मुलाकात की। इस बैठक में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर भी उपस्थित थे। इस दौरान जयशंकर ने नई सरकार के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की भारत की इच्छा को दोहराया। दोनों पक्ष संबंधित द्विपक्षीय तंत्रों के माध्यम से साझेदारी को गहरा करने के प्रस्तावों पर विचार करने पर सहमत हुए। इसके अलावा दोनों पक्षों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया।

अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री रहमान ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भी मुलाकात की।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि चर्चा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने आने वाले हफ़्तों में बांग्लादेशियों के लिए भारतीय वीज़ा, विशेष रूप से मेडिकल और बिज़नेस वीज़ा प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान बनाने की बात कही है।

मंत्री हरदीप पुरी से मुलाकात के दौरान डॉ. रहमान ने बांग्लादेश को डीज़ल की आपूर्ति के लिए भारत का धन्यवाद दिया और डीज़ल तथा उर्वरक की आपूर्ति की मात्रा बढ़ाने का अनुरोध किया। मंत्री पुरी ने संकेत दिया कि भारत सरकार इस अनुरोध पर तत्परता से और सकारात्मक रूप से विचार करेगी।

वक्तव्य में कहा गया है कि डॉ. रहमान ने शहीद उस्मान हादी के संदिग्ध हत्यारों को गिरफ़्तार करने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि गिरफ़्तार किए गए व्यक्तियों को दोनों देशों के बीच हुई प्रत्यर्पण संधि में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार बांग्लादेश को सौंप दिया जाएगा। साथ ही बांग्लादेशी पक्ष ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के अपने अनुरोध को भी दोहराया है।

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771–4903223**
**Website:- www.cghb.gov.in**
**email ID-eocghbzone02@gmail.com**
**GST No. 22AAECA9783D2ZP**

## आम–सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह, रायपुर में स्थित ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक–12, श्रीमती रीतु ठाकुर पति श्री उमेश कुमार ठाकुर के नाम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड/लीजडीड अनुबंध दिनांक 01/06/2018 को पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 1363 दिनांक 19/06/2018 के माध्यम से आधिपत्य प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में आबंटी श्रीमती रीतु ठाकुर पति श्री उमेश कुमार ठाकुर निवासी लोधीपारा कांपा, रॉयल अपार्टमेंट के पीछे, जयहिन्द चौक पंडरी रोड़ रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती पूर्णिमा विश्वकर्मा पति श्री सोनसिंह विश्वकर्मा निवासी मस्जिद गली, शक्ति नगर, पोस्ट–शंकर नगर रायपुर, तहसील व जिला–रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र –03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. – 0771–2991574**
**Email ID:eocghbzone03@gmail.com**

## आम–सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.–550, श्री विजय गोयल पिता श्री अशोक कुमार गोयल, निवासी:– नवभारत प्रेस के पीछे, मौदहापारा, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 4917 दिनांक 11.10.2006 द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 17.08.2021 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 25.11.2021 को हस्तांतरण विलेख (फ्री–होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्री कमल शर्मा पिता श्री सीताराम शर्मा, निवासी–हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 14.12.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री कमल शर्मा पिता श्री सीताराम शर्मा द्वारा उक्त भवन को फ्री–होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र–03, सेजबहार, रायपुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202604112800008**
**मामले की श्रेणी :– राजस्व**

विषय:– अ–20(3) सन:– 2025–2026
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण – आवेदक पक्षकार– श्रीमती उर्मिला वर्मा पति स्व. सीताराम वर्मा एवं अन्य 04,
अनावेदक पक्षकार –

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा रायपुर खास सुभाष नगर रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) श्रीमती उर्मिला वर्मा पति स्व. सीताराम वर्मा, सुभाष नगर मौदहापारा, रायपुर छ.ग. (2) मोहन वर्मा पिता स्व. सीताराम वर्मा, सुभाष नगर मौदहापारा रायपुर छ.ग. (3) दिलीप वर्मा पिता स्व. सीताराम वर्मा, बुनियाद नगर भनपुरी रायपुर (4) अशोक वर्मा पिता स्व. सीताराम वर्मा, भनपुरी रायपुर (5) ललिता वर्मा पति रामनिहोर वर्मा, गोढी दगोरी बिलासपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा रायपुर खास सुभाष नगर रायपुर, खसरा नंबर–502, 503, भूखण्ड क्रमांक–190 का रकबा 27 वर्गमीटर का पट्टा आवेदकगणों पति/पिता सीताराम वर्मा पिता मधुकर वर्मा के नाम पर दर्ज है। सीताराम वर्मा की मृत्यु दिनांक 21/10/2008 को गया है, जिनके वारिसानों में आवेदकगण पत्नि, पुत्र, पुत्री हैं, अन्य कोई वारिसान नहीं है। अतएव आवेदकगणों द्वारा वारिसान हक में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, पट्टा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 29/04/2026 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक–21 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2026 को जारी किया जाता है।

NAVIN KUMAR THAKUR
नजूल अधिकारी
मुहर रायपुर

---

## नाम परिवर्तन की सुचना

मैं बलवंत साहू पिता स्व. श्री शिवप्रसाद साहू, निवासी–28/834 शिव नगर खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बलवंत साहू जिसकी अंगरेजी स्पेलिंग **BALAVANT SAHU** दर्ज है। तथा पुराने आधार में मेरा नाम बलवंत साहू अंगरेजी में **BALWANT SAHU** दर्ज था। जो कि आधार अपडेट करवाने के बाद बलवंत साहू अंगरेजी स्पेलिंग **BALAVANT SAHU** दर्ज हो गया है। मेरी पुत्री शिवांगी साहू के शैक्षणिक दस्तावेजो में उसके पिता के नाम में बलवंत साहू जिसकी अंगरेजी स्पेलिंग **BALWANT SAHU** दर्ज है। जबकि मेरे आधार में **BALAVANT SAHU** दर्ज होने की वजह से विसंगति उत्पन्न हो रही है। इसलिए मैं आज से अपना नाम बलवंत साहू अंगरेजी स्पेलिंग **BALWANT SAHU** निरंतर रखना चाहता हूँ। अतः आज दिनांक से मुझे बलवंत साहू (**BALWANT SAHU** के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावे एवं समस्त अभिलेखों में भी मेरा यही नाम दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता
बलवंत साहू

---

## शपथ पत्र

मैं शपथकर्ती कविता सेन पति श्री राजेन्द्र निवासी:– रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि:–

1. यह कि मेरी नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।

2. यह कि मेरी आधार कार्ड में मेरी नाम कविता सेन है व पेन कार्ड में कविता ध्रुव दर्ज अंकित है जो कि दोनों नाम मुझ शपथकर्ती का ही नाम है।

3. यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में महोदय के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

सत्यापन:–

मै शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कण्डिका 01 से 03 तक कि बाते सत्य व सही है अपना हस्ताक्षर कर दिया जा रहा है।

शपथकर्ती
कविता सेन

---

## शपथ पत्र

मै शपथकर्ता यश देवनानी पिता श्री राजेश देवनानी निवासी:– मकान नं. 01 स्ट्रीट नं. 01 करिश्मा अपार्टमेंन्ट के पास वी वी अपार्टमेन्ट के पास वी वी विहार कालोनी मोवा रायपुर तह व जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि:–

1. यह कि, मेरी नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।

2. यह कि, मेरे पुत्र दिव्यांश देवनानी का जन्म दिनांक 02/10/2020 को हॉस्पिटल पहलाजानी हॉस्पिटल रायपुर छ.ग. में हो चुका है जिसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया है।

3. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम दिया देवनानी दर्ज अंकित हो चुका है जो कि गलत व भूलवश दर्ज अंकित हो चुका है।

4. यह कि मेरे पुत्र दिव्यांश देवानानी के जन्म प्रमाण पत्र पर माता का दिया देवानानी दर्ज अंकित है जिसे सुधार कर सही नाम मनिषा देवानानी दर्ज अंकित किया जावे व नया जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे जिस हेतू महोदय के समक्ष शपथपत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :–

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथपत्र कि बाते मेरे निजि जानकारी से सही व सत्य है अतः आज दिनांक को रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

शपथकर्ता
यश देवनानी

---

## शपथ पत्र

मै शपथकर्ती मशीदा खातुन पति मो. शकील, निवासी मोवा, रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :–

1. यह कि, मेरा नाम व पत्ता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2. यह कि, मेरा पुत्र का जन्म दिनांक – 18/11/2025 को हुआ, जिसका जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या – बी20252290434001339 9 एवं पंजीकरण दिनांक– 30/11/2025 है।

3. यह कि, उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम– **MD ALTAMASH KHAN** दर्ज है, जिसे मेरे द्वारा परिवर्तित कर नया नाम– मो. अयान खान (**MD. AYAAN KHAN**) रख दिया गया है, जिसे मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करवाना चाहता हूँ।

4. यह कि, उक्त जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज मेरे पुत्र का पूर्व नाम– **MD ALTAMASH KHAN** को विलोपित कर नया परिवर्तित नाम मो. अयान खान (**MD. AYAAN KHAN**) दर्ज किया जावें, जिस हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

सत्यापन : –

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है अतः मैने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ती
मशीदा खातुन

---

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)**

### //ईस्तहार //

रा.प्र. क्रमाकं /................./ अ–6 (अ)
वर्ष 2025–2026
ग्राम–नेवरा प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ओमप्रकाश भोजवानी पिता स्व. श्री मंघनमल भोजवानी निवासी शिव मंदिर के पास तिल्दा कैंप तहसील तिल्दा–नेवरा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि ग्राम नेवरा स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 253 का भाग रकबा 1710 वर्गफुट शीट नंबर 06 का पट्टा आवेदक के नाम से प्राप्त हैं। उक्त भूमि वर्तमान नजूल संधारण खसरा में नाम दर्ज नही हैं। आवेदक के पिता अर्थात मूल पट्टेदार मंघनमल के वैध वारिसान उनकी पत्नी श्रीमती भागीबाई भोजवानी, दो पुत्र ओमप्रकाश भोजवानी एवं देवेन्द्र कुमार भोजवानी, एवं दो पुत्रियाँ भारती एवं पूनम है। अतः उनका नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किया जाना न्योयोचित्त है। आवेदक द्वारा नजूल संधारण खसरे में नाम दर्ज किये जान हेतु आवेदन प्रत्र प्रस्तुत किया हैं। आवेदक द्वारा पट्टे की छायाप्रति सहित तलवाना की प्रति प्रस्तुत किया गया हैं। जिसकी सूनवाई न्यायालय तिल्दा मे दिनांक 20.04.2026 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाशक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 07.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार (नजूल)
तिल्दा नेवरा
मुहर जिला–रायपुर (छ.ग.)

---

# बच्चों का चरित्र निर्माण ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है : डॉ. वर्णिका शर्मा

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

दिनांक 08 अप्रैल को महाराणा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा "मोर मयारू गुरुजी" कार्यक्रम कॉलेज के अनुरोध पर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 1:00 बजे तक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को सही दिशा देना तथा उनका उत्तम चरित्र निर्माण करना एक शिक्षक का सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को इस कार्य को यज्ञ मानकर करना चाहिए, क्योंकि राष्ट्र का भविष्य शिक्षकों द्वारा गढ़े गए बच्चों के चरित्र पर ही निर्भर करता है।






इस अवसर पर आयोग के सचिव श्री प्रतीक खरे ने प्रतिभागियों को बच्चों के अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभिन्न गतिविधियों, फिल्मों, पावर पॉइंट प्रस्तुति, रोचक कहानियों एवं संवाद के माध्यम से उन्होंने समझाया कि बच्चे 80 प्रतिशत बातें अवलोकन से तथा 20 प्रतिशत बातें पढ़ने या सुनने से सीखते हैं। अतः शिक्षकों का व्यवहार बच्चों के समक्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य , डॉ. जास्मिन जोशी उपप्राचार्य डॉ श्वेता तिवारी, वहां के बी.एड. संकाय के विभागाध्यक्ष वहां के शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि सरकार सहित समस्त फैकल्टी सदस्य एवं बी.एड./डी.एड. के लगभग 125 छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन उपरांत प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी एवं रोचक बताते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। आयोग द्वारा इस प्रकार के आयोजन हेतु कॉलेज का आभार व्यक्त किया गया। वहीं, महाराणा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज परिवार ने आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की कि उन्होंने अपने व्यस्त समय से समय निकालकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

---

# 220 बिस्तरीय अस्पताल निर्माण को मिली मंजूरी

**एमसीबी, प्रतिदिन राजधानी**

जिले में बहुप्रतीक्षित 220 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य को अब गति मिलने जा रही है। निर्माण स्थल पर कठोर चट्टानों के कारण फ़उंडेशन कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए 10 अप्रैल को नियंत्रित ब्लास्टिंग की जाएगी। इस संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी, मनेंद्रगढ़ द्वारा विधिवत आदेश जारी कर अनुमति प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता द्वारा प्रस्तुत आवेदन में निर्माण स्थल पर हार्ड रॉक की मौजूदगी के चलते ब्लास्टिंग की आवश्यकता जताई गई थी। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस थाना सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ एवं नगर पालिका परिषद से अनापत्ति प्राप्त की। स्थल निरीक्षण, सुरक्षा मानकों की जांच एवं विस्तृत परीक्षण के उपरांत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

अनुमोदन के आधार पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी ने विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 6(क) तथा विस्फोटक नियम 2008 के नियम 112, 113 एवं 115 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सीमित अवधि के लिए ब्लास्टिंग की अनुमति दी है। जारी आदेश के अनुसार ब्लास्टिंग कार्य केवल लाइसेंसधारी विशेषज्ञ की प्रत्यक्ष निगरानी में ही किया जाएगा। उपयोग में लाए जाने वाले विस्फोटक पदार्थ अधिकृत विक्रेताओं से ही क्रय किए जाएंगे तथा उनका भंडारण एवं परिवहन पूर्णतः नियमानुसार किया जाएगा।

---

# दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

भारतीय योग संस्थान द्वारा रायपुर के सालासर धाम में दो दिवसीय प्रान्तीय योग प्रशिक्षण शिविर आगामी 11 एवं 12 अप्रैल को आयोजित की जा रही है । इस शिविर में विशेष रूप से दिल्ली से पधारे अखिल भारतीय प्रधान श्री देशराज जी व महामंत्री श्री ललित गुप्ता जी का कुशल मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा भारतीय योग संस्थान का सिद्धान्त वसुदेव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः एवं उद्देश्य भारतीय संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन तथा स्लोगन जीयो और जीवन दो है .यह योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर ऐसे योगियों को तैयार करना चाहता है जो निष्काम सेवा के लिये सदैव तत्पर होगा द्य प्रांत प्रमुख श्री मुकेश सोनी ने बताया कि



इस दो दिन की कार्यशाला में शुद्धि क्रियाओं, आसनों के प्रत्यक्ष लाभ, प्राणायाम के रहस्य, विभिन्न प्रकार के ध्यान के साथ – साथ शारीरिक संरचना, पाचन प्रणाली जैसे अनेकों विषयों पर सत्र होंगे। प्रचार प्रमुख नीतू मूंधड़ा व ममता रथ ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों जैसे रायपुर ,कोरबा, बिलासपुर, भिलाई, धमतरी आदि से लगभग 700 समर्पित योग साधक शामिल होंगे। इस आवासीय शिविर को लेकर साधकों में भारी उत्साह है। सालासर धाम में साधकों के रहने की व्यवस्था,योग अनुकूल आहार व योग साधना के लिए मैदान की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है।

इस शिविर में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक है। शिविर को सफल बनाने में बिलासपुर से अनुसुइया–लक्ष्मी प्रसाद नायक,कोरबा से आभा अग्रवाल,भिलाई से एस के मिश्रा,शीतल अग्रवाल, रायगढ़ से विजया पंडा,राजेश डागा, राजेश अग्रवाल, रिया फत्तनानी, सुदेशना मेने ,वंदना आहूजा, के आर साहू सहित अनेक साधकों का विशेष योगदान है।

---

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**बलौदाबाजार, प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जनदर्शन में बुधवार को विभिन्न ग्रामो से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक लाचार दिव्यांग के पास जाकर उसकी गुहार सुनी और समाधान के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया।

तहसील टुंडरा अंतर्गत ग्राम खपरीडीह निवासी दिव्यांग हृदय केवट अपनी गंभीर बीमारियों और पारिवारिक उपेक्षा से त्रस्त होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। हृदय केवट ने अत्यंत भावुक होकर बताया कि शारीरिक



अक्षमता के कारण वे बीमारियों से जूझ रहे हैं, लेकिन उनके अपने ही परिवार के सदस्य, जिनमें उनकी माता और छोटा भाई शामिल हैं, न तो उनके इलाज में सहयोग कर रहे हैं और न ही पैतृक संपत्ति में उनका जायज हिस्सा दे रहे हैं। बेसहारा और अपनों के तिरस्कार से आहत हृदय केवट ने न्याय की उम्मीद में जनदर्शन का दरवाजा खटखटाया।

कलेक्टर शर्मा ने दिव्यांग हृदय केवट के बगल में बैठकर उनके आवेदन को पढ़ा। उन्होंने न केवल उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुना, बल्कि तत्काल मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के आदेश दिये । उन्होंने हृदय केवट के भूमि संबंधी विवाद और संपत्ति में हिस्सा दिलाने के मामले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसडोल रामरतन दुबे को निर्देशित किया कि वे इस प्रकरण की सूक्ष्म जाँच कर पीड़ित को उनका विधिक अधिकार दिलाना सुनिश्चित करें।

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

### // ईश्तहार //

रा.प्र. क्रमांक / 202603114500021/ अ–6/2025–2026
रायपुर, दिनांक 24/03/2026
ग्राम– गुढियारी, प.ह.नं.– 49,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 01. श्रीमती बिन्दा देवांगन पति स्व.श्री ओम प्रकाश देवांगन 02. द्रोण देवांगन 03. मोंटू देवांगन 04. कुसुम देवांगन तीनो पिता स्व. श्री ओम प्रकाश देवांगन सभी निवासी गोसाई बाड़ा के पास, गुढियारी रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदक क्रमांक 1, के पति व आवेदक क्रमांक 2, 3, व 4, के पिता स्व.श्री ओम प्रकाश देवांगन पिता स्व. श्री कंवलराम देवांगन के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम गुढियारी प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 135/6, रकबा 0.0245 हे, भूमि धारित की जाती है। आवेदक क्रमांक 1, के पति व आवेदक क्रमांक 2, 3, व 4, के पिता स्व.श्री ओम प्रकाश देवांगन पिता स्व.श्री कंवलराम देवांगण की मृत्यु दिनांक 11.04.2025, हो गया है मृतक भूमिस्वामी की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है जिनके विधिक वारिसान में आवेदकगण 01. श्रीमती बिन्दा देवांगन पति स्व.श्री ओम प्रकाश देवांगन 02. द्रोण देवांगन 03. मोंटू देवांगन 04. कुसुम देवांगन तीनो पिता स्व.श्री ओम प्रकाश देवांगन साहू ही है इनके अलावा अन्य कोई वारिसान नही है अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 16/04/2026 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 16/04/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8) मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./30076/न.पा.नि./
जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 07/04/2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30076**
**वार्ड का नाम -21 -शहीद भगतसिंह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813B01294** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HARCHAND SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **LAXMAN SINGH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **1. PARAMJEET KAUR W/O LATE BALVINDER SINGH 2. SATNAM SINGH 3. JAGJEET SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE HARCHAND SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8) मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./30064/न.पा.नि./
जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 07/04/2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30064**
**वार्ड का नाम -21 -शहीद भगतसिंह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813G00230** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANAND AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **LT. RAM AVTAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **shailesh tiwari** पिता/पति श्री/श्रीमती **shesh narayan tiwari** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.10) –: अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर:–**
**ई–मेल:– rmczone10@gmail.com**

पत्र क्रं. / 29925/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 10/2026
रायपुर दिनांक 07/04/2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 29925**
**वार्ड का नाम - 49 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR445J0091B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANIL KANUGA, AKSHAY KANUGA, VIJAY KANUGA** पिता/पति श्री/श्रीमती **ANIL KANUGA , AKSHAY KANUGA, VIJAY KANUGA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती उमा शर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री शत्रुहन प्रसाद शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.10) –: अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर:–**
**ई–मेल:– rmczone10@gmail.com**

पत्र क्रं. / 29906/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 10/2026
रायपुर दिनांक 07/04/2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 29906**
**वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवन राम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR651M8BC33** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SONALIKA SHUKLA** पिता/पति श्री/श्रीमती **ABHINAV SHUKLA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **MR.VIKAS KUMAR KURRE** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O MR. VIJAY KUMAR KURRE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.10) –: अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर:–**
**ई–मेल:– rmczone10@gmail.com**

पत्र क्रं. / 29926/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 10/2026
रायपुर दिनांक 07/04/2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 29926**
**वार्ड का नाम - 49 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR445J0291A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANIL KANUGA, AKSHAY KANUGA, VIJAY KANUGA** पिता/पति श्री/श्रीमती **JAIRAM DAS KANUGA, VIJAY KANUGA, JAIRAM KANUGA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती शेख रिजवान पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री शेख उस्मान ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.10) –: अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर:–**
**ई–मेल:– rmczone10@gmail.com**

पत्र क्रं. / 29855/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 10/2026
रायपुर दिनांक 07/04/2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 29855**
**वार्ड का नाम - 49 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR445D00558** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHISH NAYAK** पिता/पति श्री/श्रीमती **NEMI CHAND NAYAK** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सोहना अवस्थी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री निर्मल अवस्थी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202603116300001
अ/6 वर्ष 2025–26
ग्राम सोनपैरी, प.ह.नं. 02

### सूचना पत्र

प्रति,
आस्क भूमि डेव्हलपर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर अनुराग नत्थानी पिता श्री कृष्ण कुमार नत्थानी द्वारा आम मुख्त्यार अमित भदाणी पिता श्री भंवर लाल
निवासी– घनश्याम नगर रायपुरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

–00–

इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चित्रा पाण्डेय पति श्री आशीष पाण्डेय निवासी मेसोनेट 18 कम्यूनिटी हाल के सामने सेक्टर 01 शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. स्थित ख.नं. 577, 600/1, 600/2, 614, 615/1, 615/2, 615/3, 616/1, 616/2, 617, 618, 619, 621, 622, 624, 625/1, 620, 623/2, 625/2, 626/2 रकबा क्रमशः 0.100, 0.5500, 0.5500, 1.190, 1.100, 0.200, 0.540, 0.490, 0. 120, 1.150, 2.450, 0.100, 0.050, 0.460, 0.550, 2.470, 0.150, 0.100, 0.0300, 0.800, 0.450 हे. अर्थात कुल खसरा 21 कुल रकबा 13.600 हे. है। आस्क सिटी के ले आउट क्रमांक 1387 भूखण्ड क्रमांक एफ–40 कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट भूमि याने 92.93 वर्गमीटर है। संविलियन खसरा नं. 15000/1 है। आवेदिका ने उक्त भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27/09/2021 को क्रय किया गया है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 10/04/2026 को नियत है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः सुनवाई दिनांक 10/04/2026 को आप स्वयं अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता अथवा अधिवक्ता के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 01/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
उप तहसील, खोरपा
मुहर जिला रायपुर (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदा और निवेश संभावनाओं पर ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्यदूत संग सांसद बृजमोहन की अहम चर्चा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्यदूत (Consul General), बर्नार्ड लिंच ने रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच राज्य के समग्र विकास, निवेश संभावनाओं और सांस्कृतिक विरासत पर व्यापक एवं सार्थक चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं, प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग तथा राज्य को एक उभरते औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

सांसद श्री अग्रवाल ने सरकार द्वारा संचालित विकास और जनहित की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध हेरिटेज, कला, संस्कृति और पर्यटन की अपार संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से विश्व धरोहर 'सिरपुर' का उल्लेख करते हुए बताया कि यह स्थल जैन धर्म की तपस्या, बौद्ध धर्म की शांति और सनातन संस्कृति के अटूट संगम का जीवंत प्रमाण है। यह ऐतिहासिक धरोहर न केवल भारत, बल्कि विश्व के पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार क्षमता रखती है।

### मंत्री नेताम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि खाद की जमाखोरी या अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# सरकार को है किसानों के हितों की चिंता- मंत्री नेताम

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरकों की कालाबाजारी करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई तय है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि खाद की जमाखोरी या अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं गड़बड़ी पाए जाने पर सीधे जेल भी भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया संकट के कारण रासायनिक उर्वरकों की कमी की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार पूरी तरह सजग है। खाद की कमी नहीं होगी। इसके साथ ही किसानों को

जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आपूर्ति और बेहतर होगी, इसलिए किसानों को किसी भी प्रकार से घबराहट या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित समेति कक्ष में रायपुर और दुर्ग संभाग के अधिकारियों की आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान इस आशय के वक्तव्य दिए।

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि राज्य सरकार खरीफ 2026 की तैयारियों को लेकर पूरी तरह सक्रिय है और उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जिलों के संबंधित विभागीय अमले को नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आते ही तत्काल कार्रवाई की जा सके। श्री नेताम ने बैठक में आगामी 5 मई से 20 मई तक पूरे प्रदेश में विकसित भारत संकल्प अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों और मैदानी अमले की टीम गांव-गांव जाकर किसानों, किसान समूहों और संगठनों से सीधे संवाद करेगी। इस दौरान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, वैकल्पिक उर्वरकों और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान कृषि के साथ-साथ अन्य विभाग जैसे- मछली पालन, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ भाग लेंगे, जिसमें प्रचार-प्रसार तथा विभागीय प्रकरण तैयार करने हेतु निर्देशित निर्देशित किया कि अभियान को प्राथमिकता और गंभीरता के साथ संचालित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा

## आई-गॉट में सभी विभागों को ऑन-बोर्ड होना जरूरी- मुख्य सचिव

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्य सचिव विकासशील ने राज्य शासन के सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों से कहा है कि वे मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आई-गॉट ट्रेनिंग कार्यक्रम से अपने विभाग को अनिवार्य रूप से ऑन-बोर्ड कर लें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ऑन-बोर्ड हो जाये मुख्य सचिव ने सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को भी अपने मोबाईल से ऑन-बोर्ड होने को कहा है। राज्य शासन के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी आवश्यकता अनुसार विभागीय स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षित किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे अपने-अपने विभाग की आवश्यकता अनुसार अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कोर्स तय कर लें, जिससे उन्हे प्रशिक्षित किया जा सके। आज आई-गॉट प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत साधना सप्ताह के मौके पर सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी को कर्मयोगी मिशन के तहत प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप सचिव, अवर सचिव, अनुभाग वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शामिल हुए। कार्यशाला के प्रारंभ में बताया गया की कर्मचारियों को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म आई-गॉट और ई-एच.आर.एम.एस. से जुड़ते हुए उनकी क्षमता एवं कौशल विकास को बढ़ावा देना है।



# कच्चे तेल के दाम में भारी गिरावट, राहत की खबर

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के सीजफायर पर सहमति बनने के बाद ग्लोबल ऑयल मार्केट में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस समझौते के तहत स्ट्रेट ऑफ होर्मूज को फिर से खोलने की उम्मीद है, जिससे सप्लाई में रुकावटें कम होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसी उम्मीद में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से फिसलकर 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गई हैं।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक तेल कीमतों में आई गिरावट बेहद तेज रही। ब्रेंट क्रूड करीब 16त्न तक टूटकर 92 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (ङ्खञ्जढ्ढ) में पिछले छह वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई और यह करीब 95 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। ट्रंप ने कहा कि यह सीजफायर पूरी तरह इस बात पर



निर्भर करेगा कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलता है या नहीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा पेश की गई युद्धविराम योजना को स्वीकार कर लिया गया है। अगले दो हफ्तों तक सुरक्षित समुद्री मार्ग सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं, व्हाइट हाउस के अधिकारियों के मुताबिक इजरायल ने भी इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है, जिससे वैश्विक बाजारों को राहत मिली है।

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल और ह्लह्ल का करीब 20त्न गुजरता है। इसके बंद होने से ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल मच गई थी।हालांकि, कीमतों में गिरावट के बावजूद फरवरी के बाद से ङ्खञ्जढ्ढ अब भी करीब 50त्न ऊपर बना हुआ है, जो यह दिखाता है कि संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। वेस्टपैक बैंकिंग कॉर्प के कमोडिटी एक्सपर्ट रॉबर्ट रेनी के अनुसार, तेल सप्लाई तुरंत सामान्य नहीं होगी। बंद कुओं को फिर से शुरू करने, जहाजों की तैनाती और स्टॉक भरने में महीनों लग सकते हैं।

# जीवनदायिनी को मिलेगा 'अमृत'- 165 करोड़ से संवरेगी हसदेव की धारा

### अमृत मिशन 2.0 के तहत 20 एमएलडी क्षमता के टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट को मिली मंजूरी, प्रदूषण-मुक्त होगी नदी

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

ऊर्जाधानी कोरबा की जीवनरेखा मानी जाने वाली हसदेव नदी अब प्रदूषण के काले साये से मुक्त होकर फिर से कल-कल बहेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'अमृत मिशन 2.0' योजना ने कोरबा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ दी है। छत्तीसगढ़ शासन के प्रयासों से भारत सरकार ने शहर के दूषित जल के वैज्ञानिक उपचार हेतु 165 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

सालों से शहर के 11 बड़े नालों का दूषित सीवरेज जल सीधे हसदेव नदी में मिलकर उसकी



शुद्धता को प्रभावित कर रहा था। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए 20 एमएलडी क्षमता का अत्याधुनिक टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है।

प्रतिदिन लगभग 3 करोड़ 30 लाख लीटर दूषित जल को नदी में गिरने से पहले ही रोककर अत्याधुनिक तकनीक से उपचारित किया जाएगा। इससे नदी के प्रदूषण में भारी कमी आएगी और उसका जल पुन: स्वच्छ बनेगा। परियोजना के पूर्ण होते ही कोरबा उन चुनिंदा 12 शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा, जहाँ जल शोधन की ऐसी उन्नत और वैज्ञानिक व्यवस्था उपलब्ध है।

यह परियोजना केवल नदी की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि 'वेस्ट टू वेल्थ' का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी बनेगी। उपचारित किए गए करोड़ों लीटर पानी को बर्बाद करने के बजाय एनटीपीसी द्वारा निर्धारित दरों पर खरीदा जाएगा। इससे उद्योगों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा, नगर निगम के राजस्व में वृद्धि होगी और भू-जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने इसे कोरबा जिले के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के मानकों का पालन करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा तैयार किए गए इस वैज्ञानिक समाधान को अब वास्तविक रूप मिलने जा रहा है। वर्तमान में निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा।

## नगर निगम

# पाइपलाइन कार्य अधूरा, टेस्टिंग व्यवस्था नहीं—महापौर ने लगाई कड़ी फटकार



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने जल कार्यों में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों एवं एजेंसी को कड़ी चेतावनी दी है। लाभांडी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मार्च तक 1600 मीटर पाइपलाइन बिछाकर उसकी टेस्टिंग पूर्ण कर ली जानी थी, लेकिन कार्य अधूरा है और टेस्टिंग की कोई व्यवस्था मौके पर उपलब्ध नहीं है। इस पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए संबंधितों को फटकार लगाई। महापौर ने स्पष्ट कहा कि पूर्व में भी अमृत मिशन के तहत पाइपलाइन बिना टेस्टिंग के बिछा दी गई थी, जिससे गंभीर समस्याएं उत्पन्न हुई थीं, ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि पाइपलाइन की टेस्टिंग एवं प्रेशर जांच के लिए आवश्यक हाइड्रो टेस्टिंग पंप और प्रेशर गेज मौके पर उपलब्ध नहीं हैं। इस पर महापौर ने अधिकारियों से सवाल करते हुए पूछा कि साढ़े चार करोड़ रुपये का भुगतान आखिर किस आधार पर किया गया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कार्यस्थल पर सामग्री प्रबंधन को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल आवश्यक मात्रा में ही सामग्री लाई जाए, अतिरिक्त सामग्री का भुगतान नहीं किया जाएगा। साथ ही सामग्री के सुरक्षित एवं व्यवस्थित भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बकायादार अपना सम्पूर्ण बकाया अदा कर सीलबंदी की कार्यवाही से बचें

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार बिना अधिभार सम्पतिकर की अदायगी दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक करने की छूट सभी सम्पतिकरदाता नागरिकों को प्रदान की गयी है. रायपुर नगर पालिक निगम के राजस्व विभाग द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर के सभी बड़े बकायादारों को एक बार पुनः अवगत करवाया गया है कि सम्पूर्ण बकाया राशि नगर निगम राजस्व विभाग अदा नहीं किये जाने पर सम्बंधित बड़े बकायादारों नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी. कार्यवाही की परेशानी और तनाव से बचने सम्बंधित बड़े बकायादार रायपुर नगर निगम राजस्व विभाग को अपना देय सम्पूर्ण बकाया तत्काल अदा कर देवें।

# जगन्नाथ राव दानी कन्या विद्यालय में SWM नियम 2026 पर जागरूकता अभियान

### कचरा प्रबंधन के नए प्रावधानों से अवगत कराकर स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के जगन्नाथ राव दानी शासकीय कन्या विद्यालय में नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम 2026 के संबंध में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन के नए प्रावधानों से अवगत कराकर स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन मुख्यालय से कार्यपालन अभियंता श्री योगेश कडू एवं



उप अभियंता श्री कृष्णा राठी की उपस्थिति रही। इस दौरान विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को बताया गया कि नए SWM नियम 2026 के अंतर्गत कचरे का अनिवार्य रूप से चार श्रेणियों—गीला, सूखा, विशेष देखभाल एवं सैनेटरी अपशिष्ट—में पृथक्करण किया जाना आवश्यक होगा।

विद्यार्थियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अंतर्गत लागू दो-डिब्बा प्रणाली पर अपनी अच्छी समझ का परिचय देते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत के निर्माण में स्वच्छता की भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा की गई। नगर निगम द्वारा चलाया गया यह अभियान बच्चों के माध्यम से समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 2 ट्रक मलबा निकालकर तत्काल परिवहन करवाकर स्वच्छता कायम की




रायपुर/दिल्ली (प्रतिदिन राजधानी)

आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक के नेतृत्व और मार्गनिर्देशन और कार्यपालन अभियंता श्री लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता श्री नागेश रामटेके, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा, उपअभियंता सुश्री प्राची चौबे, श्री टिकेन्द्र चंद्राकर, स्वच्छता निरीक्षक श्री दिलीप साहू की उपस्थिति में नगर निगम जोन 5 नगर निवेश विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम जोन 5 क्षेत्र अंतर्गत पण्डित सुन्दरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 41 क्षेत्र अंतर्गत पण्डित सुन्दरलाल शर्मा स्कूल सुन्दर नगर के पास लगे पान ठेला और गुमटी को नाले के ऊपर से उठाकर जप्त कर लिया गया और नाला की सफाई अभियानपूर्वक करवाकर लगभग 2 ट्रक मलबा नाले से बाहर निकालकर और उसे तत्काल परिवहन करवाते हुए जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा कायम करने बाबत प्रभावी कार्रवाई की गयी.

## वीर शहीद राजीव पाण्डेय की जयन्ती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

-विश्व की दुर्गम सैन्य चोटी सियाचिन ग्लैसियर पर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराने वाले रायपुर निवासी वीर शहीद राजीव पाण्डेय की जयन्ती दिनांक 11 अप्रैल 2026 शनिवार को प्रात: 11 बजे रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राजधानी शहर रायपुर के संजय नगर टिकरापारा में स्थित रायपुर निवासी वीर शहीद राजीव पाण्डेय के मूर्ति स्थल के समक्ष उन्हें सादर ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। मूर्ति स्थल की पुष्पसज्जा सहित आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर पालिक निगम के सम्बंधित जोन क्रमांक 6 के सहयोग से की जायेगी।

## 14 में मिठाई कारखाना पर संचालक पर ई जुर्माना किया

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में जनशिकायत नगर निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग में मिलने पर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत रमण मंदिर वार्ड क्रमांक 14 अंतर्गत मिठाई कारखाना की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण।

## टीम प्रहरी अभियान नगर निगम अंतर्गत 25 ठेलों, गुमटियों को हटाकर जप्त किया गया

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



आज रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और यातायात एसपी श्री अजय कुमार के निर्देशानुसार एएसपी यातायात श्री विवेक शुक्ला,नगर निगम अपर आयुक्त नगर निवेश श्री पंकज के. शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता श्री लाल महेंन्द्र प्रताप सिँह, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश श्री आशुतोष सिंह जोन 5 सहायक अभियंता श्री नागेश रामटेके, उप अभियंता नगर निवेश श्री टिकेन्द्र चंद्राकर सहित सम्बंधित यातायात पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता, की टीम द्वारा राजधानी शहर नगर निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 5 क्षेत्र अंतर्गत डंगनिया बाजार मोड़ मार्ग और सुन्दर नगर मार्ग चौक में टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत बाजार क्षेत्र में राजधानी शहर के प्रमुख मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करने व्यापक अभियान के अंतर्गत जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम और सुव्यवस्थित यातायात देने सभी दुकानदारों को एक बार पुन: स्पष्ट हिदायत दे दी गयी है कि वे किसी भी हालत में सड़क पर कब्जा ना करें, अन्यथा की स्थिति में सड़क पर रखे उनके सभी सामानों की यातायात जाम की समस्या दूर करने जनहित में सख्तीपूर्वक तत्काल जब्ती कर ली जाएगी, इस स्थिति के निर्मित होने पर सम्बंधित कब्जाधारी दुकानदार स्वत: जिम्मेदार रहेंगे । आज चलाये गए जनहितकारी टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत जोन क्रमांक 5 अंतर्गत डंगनिया बाजार मोड़ मार्ग और सुन्दर नगर मार्ग चौक और में लगभग 25 ठेलों,गुमटियों को बाजार और प्रमुख मार्ग क्षेत्र को कब्जामुक्त करने कड़ाई से व्यवस्था सुधारने हटाने और जप्त करने की नियमानुकूल कड़ी कार्रवाई जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने की गयी है ।

टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत लगातार चलाये जा रहे अतिक्रमणरोधी अभियान से राजधानी शहर रायपुर के विभिन्न प्रमुख बाजार क्षेत्रों में भिन्न मुख्य मार्गो का यातायात निरन्तर सुगम और सुव्यवस्थित हो रहा है और इससे आमजनों को यातायात जाम की समस्या से मुक्ति सहित लगातार त्वरित राहत प्राप्त हो रही है।

## सम्पादकीय

# मंडी पोर्टलों की बाधा

कहने को तो देश डिजिटल क्रांति के दौर में पहुंच चुका है और वित्तीय लेनदेन से लेकर तमाम क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक वरदान साबित हो सकती है। लेकिन हमें यह मानकर चलना चाहिए कि देश का परंपरागत किसान डिजिटल सुविधाओं के उपयोग में खुद को सहज महसूस नहीं करता। आधुनिक डिजिटल तकनीक का प्रयोग नई पीढ़ी की सोच के अनुरूप है, लेकिन पुरानी पीढ़ी इसके उपयोग में खुद को असहज पाती है। कमोबेश किसानों के कल्याण के लिए बनाये गए मंडी पोर्टलों पर भी यही बात लागू होती है। जाहिरा तौर पर किसानों के लिये मंडी पोर्टलों का उपयोग आसान होना चाहिए। बाकायदा किसानों को डिजिटल साक्षर बनाने की मुहिम चलाने की जरूरत भी है। सही मायनों में डिजिटलीकरण का मुख्य उद्देश्य कृषि उपजों की खरीद की प्रक्रिया को सरल बनाना था। लेकिन हरियाणा में जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है। दरअसल, हम एक आम किसान से यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वह शहरी लोगों की तरह पोर्टलों, पासवर्डों और प्रक्रियात्मक पेचीदगियों के जाल का सहजता से उपयोग कर सके। यही वजह है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी का लाभ उठाने के लिये उसे एक जटिल प्रक्रिया का सामना करना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि राज्य भर की मंडियों से द ट्रिब्यून में प्रकाशित हालिया रिपोर्टों से एक जैसा पैटर्न नजर आया है। अब राज्य में फसलों की बिक्री के लिये अनिवार्य पोर्टल- ई-खरीद और मेरी फसल,मेरा ब्योरा यानी एमएफएमबी- साइट क्रैश, डेटा विसंगतियों और सत्यापन की विफलताओं से ग्रस्त है। जिससे कई तरह की समस्याओं से किसानों को रूबरू होना पड़ रहा है। यहां तक कि कई जिलों में, किसानों को गेट पास तक नहीं दिए गए हैं। वजह यह बतायी जा रही है कि किसानों का रिकॉर्ड मेल नहीं खा रहा है। कई बार अंतिम व महत्वपूर्ण क्षणों में सर्वर ने काम नहीं किया। जिसका खमियाजा फसल बेचने आने वाले किसानों को उठाना पड़ रहा है। दरअसल, ऐसी अनेक तकनीकी जटिलताओं के परिणाम तात्कालिक व गंभीर बताये जाते हैं। किसानों की फसल तो बिक्री के लिये तैयार है, लेकिन कतिपय कारणों से उसे मंडियों में प्रवेश करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है किसान अपने खून-पसीने की फसल निजी व्यापारियों को बेचने को विवश हो जाते हैं। किसान की मजबूरी ये होती है कि वह जल्द से जल्द फसल बेचना चाहता है। उसे अपने पहले के खर्च निकालने हैं और अगली फसल की तैयारी करनी है। जिसके चलते वह तुरंत भुगतान की आस में कम दाम में भी व्यापारियों को फसल बेचने को बाध्य हो जाता है। ऐसा नहीं है कि सरकारी एजेंसियां खरीद नहीं कर रही हैं, लेकिन फसल की आवक का एक छोटा हिस्सा ही खरीद पायी हैं। जो फसल खरीद के वायदे और वास्तविक तैयारी के बीच के अंतर को स्पष्ट करती है। कुछ आंकड़े इस बात की पुष्टि कर रहे हैं। विशेष रूप से, हरियाणा में गेहूं की खरीद को 80 लाख टन से घटाकर 72 लाख टन करने से किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर्याप्त रूप में नहीं मिल पा रहा है।

# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगीहै। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं।

इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है। लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है।

पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।

महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है। संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## वाणिज्य समाचार

# रामा ग्रुप ने रायपुर में 'रामा ईको लग्जरी फ्लोर्स' लॉन्च किया

**रायपुर।** रामा ग्रुप ने अपने फ्लैगशिप रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट 'रामा ईको' के तहत एक नए प्रीमियम फेज 'रामा ईको लग्जरी फ्लोर्स' के लॉन्च की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट को RERA अप्रूवल मिल चुका है, जो एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। इसके साथ ही शंकर नगर, रायपुर के प्रमुख रेसिडेंशियल एरिया में 'रामाईकोलग्जरीफ्लोर्स'अल्ट्रा-लक्जरीअपार्टमेंट की बुकिंग शुरू हो गई है। नई दिल्ली के जाने-माने आर्किटेक्ट राजीव अग्रवाल (राजीव अग्रवाल आर्किटेक्ट्स) द्वारा डिजाइन किया गया यह प्रोजेक्ट मॉडर्न और रिफाइंड अर्बन होम्स के लिए जाना जाता है। वहीं, लैंडस्केप डिजाइनर, STGK, योकोहामा, जापान केस्टूडियो द्वारा तैयार किया गया है, जो अपने क्रॉस-डिसिप्लिनरी अप्रोच के लिए पहचाना जाता है। यह प्रोजेक्ट रेसिडेंट्स को एक प्राइवेट और एलीवेटेड लिविंग एक्सपीरियंस देने के उद्देश्य से बनाया गया है। 'रामा ईको लग्जरी फ्लोर्स' की खास बात यह है कि हर फ्लोर पर सिर्फ एक ही बड़ा अपार्टमेंट (4×5 BHK) दिया गया है, जिससे रेसिडेंट्स को पूरी प्राइवेसी और एक्सक्लूसिविटी मिलती है। इस प्रोजेक्ट में कुल 16 थॉटफुली प्लान्ड टावर्स हैं, जिनमें हर टावर में 7 फ्लोर्स हैं और कुल मिलाकर 112 अपार्टमेंट्स हैं। यह लो-डेंसिटी लिविंग कॉन्सेप्ट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इन अपार्टमेंट्स का साइज लगभग 7,100 स्क्वायर फीट से 12,800 स्क्वायर फीट तक है, जिनमें बड़े लिविंग एरियाज, बेडरूम्स और किचन स्पेसेस दिए गए हैं। साथ ही 12 फीट सीलिंग हाइट घर को और भी स्पेशियस और एयरी फील देती है।

हर रेसिडेंस में प्राइवेट लिफ्ट दी गई है, जिससे डायरेक्ट एक्सेस और प्राइवेसी सुनिश्चित होती है। हर टावर में स्मूथ ऑपरेशन के लिए 8 लिफ्ट्स की सुविधा भी है। इस लॉन्च पर रामा ग्रुप के डायरेक्टर प्रखर अग्रवाल ने कहा, 'रामा ईको लग्जरी फ्लोर्स के जरिए हमारा उद्देश्य सिर्फ लग्जरी अपार्टमेंट्स बनाना नहीं, बल्कि एक कम्प्लीट लिविंग एक्सपीरियंस देना है। आज के होमबायर्स सिर्फ बड़े घर ही नहीं, बल्कि ज्यादा प्राइवेसी, थॉटफुल डिजाइन और बेहतर कम्युनिटी एनवायरनमेंट चाहते हैं। इस प्रोजेक्ट को इन्हीं एक्सपेक्टेशन्स को ध्यान में रखते हुए डेवलप किया गया है, खासकर लो-डेंसिटी लिविंग और शंकर नगर जैसी प्रीमियम लोकेशन को ध्यान में रखते हुएकियागयाहै।' इस प्रोजेक्ट की एक और बड़ी खासियत इसका क्यूरेटेड लैंडस्केप है, जहां सभी होम्स लगभग 1.86 एकड़ की हरियाली और अमेनिटीज को ओवरलुक करते हैं। यह नेचर और मॉडर्न डेवलपमेंट के बीच एक परफेक्ट बैलेंस बनाता है, जिससे प्रोजेक्ट का ओवरऑल फील शांत और प्रीमियम बनता है।

# एमेजॉन द्वारा फीस रिवीजन का इंडिया एस.एम.ई फोरम ने स्वागत किया, इससे एम.एस.एम.ई के लिए ऑनलाईन सैलिंग करना आसान हो जाएगा

### अब 1800 से अधिक श्रेणियों में 12.5 करोड़ प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस लगेगी, जिससे सैलर अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

**नई दिल्ली।** इंडस्ट्री बॉडी इंडिया एस.एम.ई फोरम (आई.एस.एफ) ने हाल ही में एमेजॉन द्वारा किए गए फीस रिवीजन का स्वागत किया है। फोरम ने कहा कि एमेजॉन के इस कदम से माईक्रो, स्मॉल और मीडियम उद्यमों (एम.एस.एम.ई) के लिए ऑनलाईन सैलिंग करना आसान हो जाएगा। इंडिया एस.एम.ई फोरम (आई.एस.एफ) ने हाल ही में एमेजॉन इंडिया के डायरेक्टर ऑफ सेल्स, गौरव भटनागर को अपने सदस्यों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया था। गौरव भटनागर ने एमेजॉन द्वारा सैलर फीस रिवीजन का कारण और ऑनलाईन सैलिंग करने वाले




एम.एस.एम.ई को इससे होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया। जीरो रेफरल फीस पॉलिसी को 1000 रुपये से कम मूल्य के प्रोडक्ट्स (जो पहले 300 रुपये तक थी) तक बढ़ाने से इसका कवरेज दस गुना से अधिक बढ़ गया है और इसके अंतर्गत आने वाले प्रोडक्ट 1800 से अधिक श्रेणियों में लगभग 1.2करोड़ से बढ़कर 12.5 करोड़ प्रोडक्ट्स तक पहुँच गए हैं। इस कदम से ऑनलाईन बिक्री करने वाले छोटे सैलर्स के कम मार्जिन और उन पर कीमतों के दबाव की लंबे समय से चली आ रही समस्या दूर हो गई है। इंडिया एस.एम.ई फोरम के प्रेसिडेंट, विनोद कुमार ने कहा, "ऑनलाईन सैलिंग की अर्थव्यवस्था एम.एस.एम.ई के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू है। जीरो रेफरल फीस का दायरा और अधिक प्रोडक्ट्स तक बढ़ाने से सैलर्स को काफी मदद मिलेगी, खासकर उन श्रेणियों में, जिनमें कीमत मायने रखती है।" एमेजॉन ने 300 रुपये से कम मूल्य के प्रोडक्ट्स पर इजी शिप फीस में भी 20 प्रतिशत से अधिक कटौती कर दी है। इन दोनों की मदद से सैलर्स अब 70 प्रतिशत तक की बचत कर सकेंगे। इस बचत का उपयोग वो प्रमोशनल ऑफर, जैसे बास्केट आधारित ऑफरों द्वारा अपनी सेल बढ़ाने के लिए कर सकेंगे।" भटनागर ने कहा, "एमेजॉन में हमारा विश्वास है कि सैलर्स की सफलता हमारी सफलता है। सैलर फीस में रिवीजन से हमारे पार्टनर्स को बेहतर मूल्य पेश करने और लगातार विकास करने के अवसर मिलेंगे। इससे भारत में ऑनलाईन सैलिंग करने वाली एम.एस.एम.ई पर पड़ने वाला कीमतों का दबाव कम होगा।" आई.एस.एफ के मुताबिक एमेजॉन ने यह कदम उस समय उठाया है जब भारत में ई-कॉमर्स को आगे बढ़ाने में टियर 2 और टियर 3 शहरों के सैलर्स मुख्य योगदान दे रहे हैं। इन सैलर्स के बिजनेस के विस्तार में कीमतें और मार्जिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुमार ने कहा, "ऑनलाईन सैलिंग करने वाले एम.एस.एम.ई की बढ़ती संख्या के साथ अब ध्यान उनकी ऑनबोर्डिंग की बजाय उनके निरंतर विकास पर लगाया जा रहा है। इस परिवर्तन में निश्चित और किफायती लागत संरचना की भूमिका महत्वपूर्ण है।" आई.एस.एफ के मुताबिक फीस में कमी जहाँ एक सकारात्मक कदम है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने मुंबई में किया शाखाओं के ग्राहकों बातचीत के अनुभव को बाधारहित बनाने हेतु एआई.संचालित बहुभाषी प्लेटफॉर्म 'बॉब संवाद' का शुभारंभ

नई दिल्ली। इन.हाउस एआई प्लेटफॉर्म 22 भाषाओं में लो.लेटेंसी के साथ रीयल.टाइम में दो लोगों के बीच सटीक और स्वाभाविक बातचीत को संभव बनाते हुए भारत की भाषाई विविधता को स्वीकार्यता प्रदान करता है। वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव ने 'बॉब संवाद' को समावेशी बैंकिंग की दिशा में तकनीक के माध्यम से ग्राहक सेवा को सुदृढ़ करने वाली एक नई पहल बताया । बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'बॉब संवाद'का लोकार्पण किया जिसका औपचारिक शुभारंभ 28 मार्च 2026 को मुंबई में वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव श्री एम. नागराजू द्वारा किया गया। यह प्लेटफॉर्म बैंकिंग उद्योग जगत का पहला एआई.संचालित बहुभाषी बातचीत है जिसका उद्देश्य शाखाओं में ग्राहक के साथ बातचीत के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करना है। भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए तैयार किया गया यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों और शाखा कर्मचारियों को एक.दूसरे से उनकी पसंदीदा भाषा में सहज रूप से बातचीत करने में सक्षम बनाएगा। वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव श्री एम नागराजू ने 'बॉब संवाद' के शुभारंभ पर बैंक ऑफ बड़ौदा को बधाई दी। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा की बैंकिंग क्षेत्र में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तकनीक के नोवोन्मेषी उपयोग के लिए सराहना की। श्री



नागराजू ने कहा कि 'बॉब संवाद' अधिक समावेशी और सुलभ सेवा को बढ़ावा देगा और शाखाओं में बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल ने बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। श्री नागराजू ने बॉब फॉरेस्टश् का भी दौरा किया जो बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट और ग्रीन बांड्स के बाद बैंक की एक और हरित पहल है। यह संवहनीयता और समग्र ईएसजी लक्ष्यों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शबॉब फॉरेस्टश् मुंबई में बैंक ऑफ बड़ौदा के बीकेसी कार्यालय में निर्मित 6.000 वर्ग फुट का एक हरित उद्यान है जो जैव विविधता और स्वच्छ हवा को बढ़ावा देता है। शुभारंभ के अवसर पर बात करते हुए डॉ. देबदत्त चांद प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा बॉब संवाद के माध्यम से बैंक ऑफ़बड़ौदा एआई का उपयोग कर अपनी शाखाओं को अधिक समावेशी और ग्राहक.अनुकूल बना रहा है ताकि विभिन्न भाषाओं में रीयल.टाइम में सहज बातचीत संभव हो सके। यह पहल तकनीक को ग्राहक.केंद्रित डिज़ाइन के साथ जोड़कर परिचालन उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है । पूरी तरह से इन.हाउस तैयार बॉब संवाद एआई.संचालित स्पीच एवं भाषा संबंधी तकनीक का उपयोग करता है। यह 22 भारतीय भाषाओं में लो.लेटेंसी के साथ रीयल.टाइम में दो लोगों के बीच सटीक और स्वाभाविक बातचीत को संभव बनाते हुए भारत की भाषाई विविधता को स्वीकार्यता प्रदान करता है।

# ओडिशा और छत्तीसगढ़ के दूर-दराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को किया जा रहा मजबूत

**रायपुर।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ ऐसे राज्य हैं जिन्हें विरोधाभासी कहा जाता है क्योंकि एक तरफ तो ये खनिजों से समृद्ध हैं, देश की मिनरल इकॉनमी इन पर बहुत निर्भर है; यहां से उद्योगों को कोयला, बॉक्साइट, एल्युमीनियम और लौह अयस्क की आपूर्ति होती है, जिससे उद्योगों की वृद्धि होती है। फिर भी, उनके कई ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े अभी भी देश के औसत स्तर से पीछे हैं। इन इलाकों तक पहुंचने की कठिनाई, पोषण की कमी और उत्तम स्वास्थ्य व चिकित्सा सेवाओं की कमी लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। खनन और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व) और स्वास्थ्य हस्तक्षेप इन भौगोलिक चुनौतियों से निपटते हैं, ताकि दूरस्थ इलाकों तक कनेक्टिविटी को सुनिश्चित किया जा सके और स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली रुकावटों को दूर किया जा सके। ओडिशा और छत्तीसगढ़ के पिछड़े इलाकों में प्रचालन करने वाली वेदांता एल्युमीनियम ने हाल के वर्षों में दूर-दराज इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर ध्यान केन्द्रित किया है, और इस तरह ग्राम-स्तर पर जांच से लेकर तृतीयक उपचार और देखभाल हेतु मार्ग तैयार किए हैं। सरकारी सर्वेक्षण बताते हैं कि यह तरीका क्यों जरूरी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस - 5) से पता चलता है कि पोषण, मातृ स्वास्थ्य व बीमारी का जल्दी पता लगाने में चुनौतियां बनी हुई हैं, खासकर उन जिलों में जहां सुविधाएं कम हैं। ऐसे में, उद्योग से मदद पाने वाले स्वास्थ्य हस्तक्षेप भी अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं। वर्षों के दौरान, वेदांता एल्युमीनियम का समग्र स्वास्थ्य मॉडल अपने संचालन क्षेत्रों में स्पष्ट और सकारात्मक प्रभाव दिखा रहा है। लगातार सामुदायिक जुड़ाव और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ, कंपनी ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ में 7




लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया है। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 4,09,079 लोगों तक पहुंच बनाई गई है, और इसके तीन अस्पतालों में कुल मिलाकर 1.74 लाख लोगों ने इलाज के लिए विजिट किया है।

**जब फासला ही पहला अवरोध हो :** ग्रामीण जिलों में, देखभाल का रास्ता अक्सर पहले सम्पर्क से शुरू होता है। सबसे नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा कई किलोमीटर दूर हो सकती है, जहां आने-जाने के कम विकल्प होते हैं और पहुंच भी कभी-कभार ही होती है। ऐसी जगहों पर, देखभाल में देरी अक्सर इरादे के बजाय भौगोलिक स्थिति की वजह से होती है। इसलिए, वेदांता एल्युमीनियम के स्वास्थ्य हस्तक्षेप इन कठिन पहुंच वाले समुदायों में प्रथम-स्तर डिटेक्शन, रेफरल और फॉलो-अप केयर को मजबूत करने के लिए फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम कैडर के साथ मिलकर काम करते हैं। पहुंच के इसी अंतर को मिटाने की दिशा में मोबाइल हेल्थकेयर मॉडल एक महत्वपूर्ण प्रथम परत के तौर पर उभरे हैं। ओडिशा के झारसुगुड़ा, कालाहांडी और सुंदरगढ़ और छत्तीसगढ़ के कोरबा जैसे जिलों में इंडस्ट्रियल और माइनिंग कॉरिडोर में, वेदांता एल्युमीनियम ने सीधे गांवों में बुनियादी चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के लिए मोबाइल हेल्थ यूनिट (एमएचयू) तैनात किए हैं। ट्रैवलिंग क्लीनिक के तौर पर काम करते हुए, ये एमएचयू निवारक स्वास्थ्य जागरुकता के साथ-साथ प्राथमिक प्रथम परामर्श, जरूरी दवाएं और बेसिक डायग्नोस्टिक्स भी देते हैं। कई लाभार्थियों में कोरबा की श्रीमती आशा पटेल भी शामिल हैं, जो सालों से आर्थराइटिस और डायबिटीज से जूझ रही थीं। उनके लिए दैनिक काम भी दर्दनाक हो गए थे, और अक्सर छोटे-मोटे कामों के लिए भी उन्हें यह बात खटकती थी कि वे अपने परिवार पर निर्भर हो गई हैं। जब वेदांता बाल्को की मोबाइल हेल्थ यूनिट उनके गांव आने लगी, तो डॉक्टरों ने उनकी बीमारियों का इलाज किया, उन्हें दवाइयों, व्यायाम और दैनिक देखभाल के बारे में सलाह दी। समय के साथ, उन्हें दर्द में काफी कमी महसूस हुई, वे चलने-फिरने में सक्षम हो गईं, और अपनी सेहत को संभालने का नया विश्वास मिला। एमएचयू ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 200 से ज्यादा गांवों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाएं देते हैं। काशीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रमुख डॉ. नेत्रानंद नायक ने कहा, "मैं वेदांता की प्रशंसा करता हूं कि वह अपनी मोबाइल हेल्थ यूनिट्स के जरिए घर पर अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। यह अहम पहल चिकित्सा तक पहुंच को बढ़ाती है और स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाती है, जिससे एक स्वस्थ समुदाय बनता है।" लेकिन जब तक मरीजों को रेफर करने के लिए जगहें न हों तब तक सिर्फ आउटरीच काफी नहीं है। इसे समझते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के स्वास्थ्य सेवा प्रयास मोबिलिटी से आगे बढ़कर स्थानीय स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने तक बढ़ गए हैं, जिसका मकसद डिटेक्शन (रोग का पता लगाने) और इलाज के बीच की दूरी को कम करना है। कालाहांडी में, एमएसजेके हॉस्पिटल आस-पास के गांवों के लिए एक सेकेंडरी केयर फैसिलिटी के तौर पर काम करता है। यह इनपेशेंट केयर, आपातकालीन सेवा और विशेषज्ञ परामर्श देता है, वरना यह न होता तो लोगों को काफी दूर स्थित अस्पताल जाना पड़ता। अपने परिवार के अनुभव के बारे में बताते हुए, कालाहांडी के बेंगाँव ग्राम पंचायत की रहने वाली रानू माझी ने बताया, "जब मेरी माँ बहुत बीमार पड़ीं, तो उस दिन हमारे लिए शहर के हॉस्पिटल पहुंचना संभव नहीं था। एमएसजेके हॉस्पिटल हमारी जीवनरेखा बन गया। डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज किया, और यहां उन्हें जो इलाज मिला, उससे हम लम्बा व मुश्किल सफर करने से बच गए।"

# डिजिटल मॉनिटरिंग की ओर बड़ा कदम- वनमंत्री केदार

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



रायपुर। वनमंत्री केदार कश्यप ने आज नवा रायपुर अरण्य भवन में आयोजित मुख्य वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारियों का बैठक लेकर कैम्पा ए.पी.ओ. सहित विभिन्न एजेंडों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की साथ ही इस अवसर पर वनमंत्री कश्यप ने प्रेलिमिनरी ऑफन्स रिपोर्ट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वनमंत्री केदार कश्यप ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि विकास कार्यों में गति, पारदर्शिता और परिणाम अब प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रभाव दिखाई दे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। वनमंत्री ने केम्पा (ष्ट्रस्क्क) कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि वर्ष 2024-25 और 2025-26 के सभी स्वीकृत कार्यों का 100 प्रतिशत खर्च सितंबर 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि फंड लैप्स जैसी स्थिति स्वीकार्य नहीं होगी।

भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने 'लैंड बैंक' की व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया, ताकि विकास कार्यों के लिए जमीन समय पर उपलब्ध हो सके। वन्य प्राणी प्रबंधन योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने खर्च बढ़ाने और कार्यों की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए, साथ ही डीएफओ की जवाबदेही तय करने की बात कही। इको-टूरिज्म को लेकर मंत्री कश्यप ने स्पष्ट गाइडलाइन जल्द जारी करने के निर्देश दिए, ताकि पीपीपी मॉडल के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर उन्होंने कहा कि संग्राहकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें उचित मूल्य व सुविधाएं मिलें।

वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने और 'जी राम योजना' के तहत नर्सरियों में बड़े पौधे तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक पौध वितरण हो सके। वनमंत्री ने अवैध शिकार, अवैध कटाई और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि इन पर रोक लगाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। गर्मी के मौसम में जंगलों में आग की घटनाओं को देखते हुए उन्होंने फील्ड स्टाफ की सक्रियता बढ़ाने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

वन अधिकार पत्रों के मामलों में पारदर्शिता और पात्र हितग्राहियों को ही लाभ देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, वन्य प्राणियों से जनहानि के मामलों में मुआवजा भुगतान में देरी न हो, इसके लिए संवेदनशीलता के साथ त्वरित स्वीकृति देने के निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री कश्यप ने स्पष्ट कहा कि केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका धरातल पर प्रभाव दिखना चाहिए। उन्होंने विभाग को रोजगार सृजन, वन आधारित उद्योगों के विस्तार और राज्य की पहचान मजबूत करने की दिशा में ठोस काम करने के लिए प्रेरित किया।

# ड्रोन सर्वे और भूमि अभिलेख अपडेट पर कलेक्टर से अतिरिक्त सर्वेयर जनरल की चर्चा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



अतिरिक्त सर्वेयर जनरल मोहन कुमार स्टालिन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से सौजन्य भेंट कर सर्वे ऑफ इंडिया के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिले में ड्रोन सर्वे और भूमि अभिलेखों को अपडेट करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि ड्रोन सर्वे के माध्यम से जमीन के सटीक माप, सीमांकन और डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इस तकनीक से राजस्व अभिलेखों की शुद्धता बढ़ेगी और भूमि से जुड़े विवादों के समाधान में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से सर्वे कार्य में तेजी आई है और डेटा को डिजिटल रूप में सुरक्षित किया जा रहा है।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि जिले में भूमि अभिलेखों का अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिले और राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पारदर्शिता आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वे कार्य समय सीमा में पूरा किया जाए और इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त सर्वेयर जनरल मोहन कुमार स्टालिन ने बताया कि सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा किए जा रहे ड्रोन सर्वे से गांवों और शहरी क्षेत्रों में जमीन की सटीक जानकारी उपलब्ध हो रही है। इससे नक्शों को आधुनिक स्वरूप में तैयार किया जा रहा है, जो भविष्य में विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपयोगी होगा। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि ड्रोन सर्वे के दौरान स्थानीय स्तर पर लोगों की सहभागिता और रूप समन्वय बनाकर कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सर्वे के बाद प्राप्त डेटा को राजस्व विभाग के रिकॉर्ड से जोड़ा जाएगा, जिससे जमीन से संबंधित दस्तावेजों की सटीकता और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

# 220 बिस्तरीय अस्पताल निर्माण को मिली मंजूरी, 10 अप्रैल को होगी नियंत्रित ब्लास्टिंग




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

जिले में बहुप्रतीक्षित 220 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य को अब गति मिलने जा रही है। निर्माण स्थल पर कठोर चट्टानों के कारण फाउंडेशन कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए 10 अप्रैल 2026 को नियंत्रित ब्लास्टिंग की जाएगी। इस संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी, मनेंद्रगढ़ द्वारा विधिवत आदेश जारी कर अनुमति प्रदान की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता द्वारा प्रस्तुत आवेदन में निर्माण स्थल पर हार्ड रॉक की मौजूदगी के चलते ब्लास्टिंग की आवश्यकता जताई गई थी। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस थाना सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ एवं नगर पालिका परिषद से अनापत्ति प्राप्त की। स्थल निरीक्षण, सुरक्षा मानकों की जांच एवं विस्तृत परीक्षण के उपरांत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। अनुमोदन के आधार पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी ने विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 6(क) तथा विस्फोटक नियम 2008 के नियम 112, 113 एवं 115 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सीमित अवधि के लिए ब्लास्टिंग की अनुमति दी है। जारी आदेश के अनुसार ब्लास्टिंग कार्य केवल लाइसेंसधारी विशेषज्ञ की प्रत्यक्ष निगरानी में ही किया जाएगा। उपयोग में लाए जाने वाले विस्फोटक पदार्थ अधिकृत विक्रेताओं से ही क्रय किए जाएंगे तथा उनका भंडारण एवं परिवहन पूर्णतः नियमानुसार किया जाएगा। किसी भी स्थिति में निर्धारित मात्रा से अधिक विस्फोटक सामग्री का भंडारण नहीं किया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनज़र ब्लास्टिंग से पूर्व संबंधित क्षेत्र को पूर्णतः खाली कराया जाएगा।

# साइबर सुरक्षा के प्रति अलर्ट रहना आवश्यक -एमडी शुक्ला

**7वीं वेस्टर्न रीजन साइबर सिक्योरिटी को-ऑर्डिनेशन फोरम की बैठक आयोजित प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने की अध्यक्षता**

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज मुख्यालय, डंगनिया स्थित राज्य भार प्रेषण केंद्र में राष्ट्रीय स्तर की 7वीं वेस्टर्न रीजन साइबर सिक्योरिटी को-ऑर्डिनेशन फोरम (WR-CSCF) की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानव जीवन में पहले पंचतत्व—भूमि, गगन, वायु, अग्नि और नीर—को महत्वपूर्ण माना जाता था, किंतु वर्तमान समय में बिजली को छठवां तत्व माना जा सकता है, क्योंकि इसके बिना विकास और सुख-सुविधाओं की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजली के उत्पादन से लेकर पारेषण एवं वितरण तक पूरा तंत्र कंप्यूटरीकृत प्रणाली पर ऑपरेट होता है, ऐसे में साइबर हमलों के प्रति सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है।

दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र में मुख्य अभियंता (लोड डिस्पैच) श्रीमती शारदा सोनवानी ने स्वागत भाषण दिया। प्रथम दिवस में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए साइबर सुरक्षा से बचाव के लिए केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुपालन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में ग्रिड इंडिया के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO) टी. श्रीनिवास ने कहा कि वर्तमान में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ऑनलाइन प्रणाली पर संचालित हो रही है, ऐसे में पूरे तंत्र की साइबर सुरक्षा, उसकी मॉनिटरिंग एवं फॉलो-अप अत्यंत आवश्यक है। वहीं, डब्ल्यूआरएलडीसी के सिसो सत्येंद्र रघुवंशी ने कहा कि साइबर स्वच्छता हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। इसके लिए सभी राज्यों को अपने डेटा को सुरक्षित रखते हुए निर्धारित मानकों एवं गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। बैठक में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, गोवा, दमन एवं दीव के राज्य भार प्रेषण केंद्रों के वरिष्ठ अधिकारी भी आनलाइन व प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। दूसरे सत्र में छत्तीसगढ़ की जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के अधिकारी साइबर सुरक्षा सत्रों में अपनी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा किया। साथ ही ग्रिड इंडिया एवं एनटीपीसी के विशेषज्ञ साइबर सुरक्षा की चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। एनआईटी रायपुर के प्रोफेसर डॉ. सुभोजीत घोष द्वारा पावर सेक्टर में साइबर सुरक्षा सुदृढ़ीकरण पर विशेष व्याख्यान दिया। इस अवसर पर शेखर गुप्ता, संजय चौधरी, कार्यपालन अभियंता मनोज आटवे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलिंगा विवि ने हेबेई इंटरनेशनल स्टडीज़ यूनिवर्सिटी, चीन के साथ समझौता पर हस्ताक्षर किए

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



**सेमिनारों, कार्यशालाओं तथा पाठ्यक्रम विकास जैसी सहयोगी गतिविधियों के लिए अवसर सृजित करने का प्रयास करेंगे**

कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत ने 02 अप्रैल 2026 को हेबेई इंटरनेशनल स्टडीज़ यूनिवर्सिटी, चीन के साथ एक समझौता ज्ञापन (स्व्) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और शोध सहयोग को बढ़ावा देना है। यह उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

इस समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर हेबेई इंटरनेशनल स्टडीज़ यूनिवर्सिटी, चीन के अकादमिक विशेषज्ञ सन जियानझोंग, अध्यक्ष एवं रेक्टर तथा कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी द्वारा किए गए, जिनकी उपस्थिति में डॉ. बेंदी अंजनेयुलु, उप डीन अकादमिक मामलों एवं डीन (प्रभारी), विज्ञान संकाय; डॉ. शिल्पी भट्टाचार्य, डीन, कला एवं मानविकी संकाय; डॉ. विनय चंद्र झा, डीन (प्रभारी), प्रौद्योगिकी संकाय; डॉ. रुपेश ठाकुर, विभागाध्यक्ष, जैव रसायन विभाग, विज्ञान संकाय; डॉ. ई. वी. राघव राव, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, प्रौद्योगिकी संकाय; तथा डॉ. मनोज सिंह, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग, विज्ञान संकाय उपस्थित थे।

हेबेई इंटरनेशनल स्टडीज़ यूनिवर्सिटी, चीन की ओर से यांग झेन, विदेशी मामलों के लिए अध्यक्ष के सहायक एवं उपाध्यक्ष; वांग ज़ेक्सियन, विश्वविद्यालय समिति के सदस्य एवं डीन, कंप्यूटर विज्ञान स्कूल; यिन शिया, निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय; गुओ ले, डीन, मेडिकल स्कूल; शिंग ज़ेक्सिन, डीन, अकादमिक मामलों, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस; ली रूईसी, डीन, अकादमिक मामलों, इंग्लिश स्कूल; लियू यानझेन, डीन, स्कूल ऑफ साइबर सिक्योरिटी; तथा मा शिकी, डीन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्कूल उपस्थित रहे। इन दोनों विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित सदस्यों की उपस्थिति ने इस सहयोग के महत्व को रेखांकित किया और उच्च शिक्षा में शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा वैश्विक साझेदारियों को सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया।

इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान पहलों को बढ़ावा देना, संकाय और छात्र विनिमय कार्यक्रमों को सुगम बनाना, शैक्षणिक सहयोग को प्रोत्साहित करना तथा ज्ञान और शैक्षणिक संसाधनों के आदान-प्रदान को सुनिश्चित करना है।

इस सहयोग के माध्यम से, दोनों संस्थान वैश्विक शैक्षणिक जुड़ाव को बढ़ाना चाहते हैं और संयुक्त सम्मेलनों, सेमिनारों, कार्यशालाओं तथा पाठ्यक्रम विकास जैसी सहयोगी गतिविधियों के लिए अवसर सृजित करने का प्रयास करेंगे।

यह समझौता ज्ञापन (MoU) उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देने और वैश्विक शैक्षणिक नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों की साझा दृष्टि को दर्शाता है।

# आशाराम का 87 वां अवतरण दिवस मनाया गया 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस' के रूप में

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



संत आशारामजी आश्रम/योग वेदांत सेवा समिति, रायपुर द्वारा वी.आई.पी. रोड स्थित आश्रम में पूज्य संत आशारामजी बापू का अवतरण दिवस अर्थात् 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस' पर विभिन्न नि:स्वार्थ सेवाकार्यों को करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भीड़ देख के लगा कि बापूजी के शिष्यों की श्रद्धा में थोड़ी भी कमी नहीं आयी है। गरीबों, जरूरतमंदों में भंडारा व जीवनोपयोगी सामग्रियों का वितरण भी किया वितरण गया। इस निमित्त इन स्थानों पर आम भण्डारों का आयोजन किया गया जिनका लाभ हजारों की संख्या में नगरवासियों ने लिया ङ्क भनपुरी चौक, महादेव घाट, लालपुर, पचपेड़ी नाका, जयस्तंभ चौक।

रायपुर आश्रम में संत आशारामजी बापू का 87वां अवतरण दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 30 बजे दीप प्रज्जवलन एवं गुरुवंदना से हुई तत्पश्चात् बापूजी की जीवनलीला पर आधारित आशारामायण का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद गुरु पादुका पूजन, मानस पूजन, सत्संग एवं दोपहर 12 बजे पूज्यके जन्म समय पर अवतरण दिवस उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें साधकों ने भगवन्नाम कीर्तन पर सामूहिक नृत्य भी किया। इसके बाद पूज्यकी मंगल आरती कर आम भण्डारे का आयोजन किया गया जिसका लाभ सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने लिया। इसके अलावा श्रीराम मंदिर, वीआईपी चौक में संत आशारामजी बापू प्रेरित युवा सेवा संघ एवं महिला उत्थान मंडल के सेवादारों द्वारा पुलाव, हलवा, शर्बत एवं सत्साहित्य का वितरण किया गया। स्थानीय संत आशारामजी आश्रम, रायपुर के संचालक रामा भाई ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने से ही सम्भव है।

# कई जिलों में बनेंगी फोरलेन सड़कें, साय सरकार ने 708 करोड़ स्वीकृत किए

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



प्रदेशवासियों को यातायात के लिए मजबूत और चौड़ी सड़कें उपलब्ध कराने लोक निर्माण विभाग ने 15 फोरलेन सड़कों के निर्माण के लिए 708 करोड़ 21 लाख 35 हजार रुपए मंजूर किए हैं। हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत इस राशि से विभिन्न जिलों में कुल 90.5 किमी फोरलेन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इनके निर्माण से प्रमुख सड़कों पर सुगम यातायात और जॉम से मुक्ति के साथ ही यात्रा का समय घटेगा। फोरलेन सड़कों से सुरक्षित यातायात के साथ ही आर्थिक विकास को भी मजबूती मिलेगी। इससे कृषि, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में दुर्ग-धमधा-बेमेतरा अंडर ब्रिज से अग्रसेन चौक तक 0.5 किमी फोरलेन मार्ग के लिए तीन करोड़ 41 लाख रुपए, स्मृति नगर पेट्रोल पंप से आई.आई.टी. जेवरा सिरसा तक 7 किमी फोरलेन सड़क के लिए 20 करोड़ 64 लाख रुपए, मिनी माता चौक से महाराजा चौक-ठगड़ा बांध तक 4.70 किमी फोरलेन मार्ग के लिए 28 करोड़ 58 लाख रुपए तथा महाराजा चौक से बोरसी चौक तक 1.80 किमी फोरलेन सड़क के लिए 23 करोड़ 97 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

विभाग ने रायगढ़ में ढिमरापुर चौक से कोतरा थाना चौक तक 2.50 किमी के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए 41 करोड़ 49 लाख रुपए, रायगढ़-कोतरा-नंदेली राज्य मार्ग के किमी 1 से किमी 5 तक के फोरलेन चौड़ीकरण के लिए 55 लोईंग-महापल्ली मुख्य जिला मार्ग चौड़ीकरण के लिए 81 करोड़ 48 लाख रुपए तथा 6 किमी तमनार फोरलेन बायपास के निर्माण के लिए 152 करोड़ 17 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं।

# जनगणना 2027, डिजिटल तकनीक से होगी देश की गिनती

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

भारत में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार की जनगणना पूर्णतः डिजिटल तकनीक पर आधारित होगी, जो इसे पहले की तुलना में अधिक सटीक, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाएगी।

दो चरणों में होगी जनगणना

जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग अर्थात् मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। पहले चरण में निर्धारित प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

**स्व-गणना पोर्टल — घर बैठे भरें अपना विवरण**

इस बार नागरिकों को एक विशेष सुविधा दी जा रही है — स्व-गणना पोर्टल इसके माध्यम से परिवार का मुखिया या कोई भी सदस्य पोर्टल पर जाकर अपने घर और सुविधाओं से जुड़ी जानकारी स्वयं भर सकता है। यह सुविधा संबंधित राज्य में मकान सूचीकरण कार्य शुरू होने से 15 दिन पहले उपलब्ध होगी और 15 दिनों तक ही सक्रिय रहेगी।

**ध्यान रखें** — एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही घर का लॉगिन संभव है और मुखिया का नाम एक बार दर्ज होने के बाद बदला नहीं जा सकता।

पोर्टल खोलकर अपना राज्य या केंद्र शासित प्रदेश एवं कैप्चा भरें। इसके बाद स्वागत स्क्रीन आगे के चरणों का मार्गदर्शन करेगी। परिवार की मुखिया अपना नाम और मोबाइल नंबर दर्ज कर अपनी भाषा चुनें, फिर ओटीपी से सत्यापन होगा। मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिह्नित करना आवश्यक है।

# सरकार से सामंजस्य की कमी के चलते शारदा चौक से तात्यापारा तक ट्रैफिक जाम से राहत नही

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



राजधानी के विधायकों की जिद और बीच सरकार से तालमेल की कमी से तात्यापारा से शारदा चौक तक ट्रैफिक जाम से राहत नही मिलने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि शारदा चौक से तात्यापारा तक ट्रैफिक जाम से जनता हलाकान है। ट्रैफिक समस्या का हल सिर्फ इसलिये नही हो पा रहा है क्योंकि राजधानी के सांसद और विधायकों की अपनी जिद है सरकार के बीच तालमेल नही है। संवादहीनता है जिसका खामियां जनता को रोज भुगतना पड़ रहा है। भाजपा सरकार में गुटबाजी हावी है। सरकार में बैठे लोग राजधानी के सांसद विधायकों से न पूछते है न सुनते है। यही कारण है तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण की प्रस्तावित योजना को बदलकर फ्लाई ओवर की योजना लायी गयी।लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि उनसे चर्चा नही की गई। अब सांसद से लेकर विधायक तक विरोध कर रहे है। आखिर ऐसी परिस्थितियां क्यो निर्मित हो रही है? प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता की आवश्यकता सहमति से योजना नही बनाई जाती। आज विधायक सुनील सोनी पुरन्दर मिश्रा फ्लाईओवर बनाने के प्रस्ताव का विरोध कर सुर्खियां बटोरना चाहते है उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए फ्लाईओवर बनाने की योजना पर आपसे चर्चा क्यो नही की गई? जब जनता चौड़ीकरण की पक्ष में है तो सरकार के सामने प्रस्ताव क्यों नहीं रखा? तात्यापारा से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण की मांग का कांग्रेस सरकार में भूमिपूजन हुआ बजट दिया चौड़ीकरण तय हुआ फिर अचानक एक मंत्री की जिद को पूरा करने फ्लाई ओवर बनाने का प्रस्ताव बन गया। ऐसा ही स्काई वाक बनाने का विरोध पूरा शहर ने किया भाजपा से जुड़े लोग भी इसको अनुपयोगी बताकर कर विरोध किये लेकिन विधायक राजेश मूणत की जिद के आगे सरकार झुक गई ।

खेल समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करे : 9806044444

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, गुरूवार, 09 अप्रैल 2026

https://epaper.pratidinrajdhani.in

# वैभव ने बुमराह की पहली बॉल पर सिक्स लगाया....यशस्वी के आईपीएल में 100 सिक्स पूरे, राजस्थान की दूसरी फास्टेस्ट टीम फिफ्टी











**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 13वें मैच में मुंबई इंडियंस को 27 रन से हरा दिया। बारिश के कारण यह मैच 11-11 ओवर का ही हुआ। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में हुए मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर सिक्स लगा दिया। यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल में 100 सिक्स पूरे कर लिए। वैभव और यशस्वी की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर राजस्थान ने महज 2.4 ओवर में 50 रन बनाकर आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे तेज टीम फिफ्टी लगाई।

### यशस्वी के आईपीएल में 100 सिक्स पूरे

यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल में अपने 100 सिक्स पूरे किए। वे राजस्थान रॉयल्स के लिए 100 या उससे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस मामले में संजू सैमसन (192) टॉप पर हैं, जबकि जोस बटलर (135) और शेन वॉटसन (109) उनसे आगे हैं।

### राजस्थान ने अपने रिकॉर्ड की बराबरी की

राजस्थान रॉयल्स ने अपनी ही सबसे तेज टीम फिफ्टी रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2.4 ओवर में 50 रन पूरे किए। इससे पहले भी राजस्थान ने 2023 में 2.4 ओवर में ही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी। सबसे तेज टीम फिफ्टी का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम है, जिन्होंने 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल के खिलाफ 2.3 ओवर में 50 रन बनाए थे।

### वैभव 19 या उससे कम उम्र में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर

वैभव सूर्यवंशी 19 साल या उससे कम उम्र में आईपीएल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 10 पारियों में 35 सिक्स लगाए हैं। इस मामले में उन्होंने ऋषभ पंत (30) और ईशान किशन (30) को पीछे छोड़ा।

### बारिश की वजह से मैच 2 घंटे 40 मिनट देरी से शुरू हुआ

गुवाहाटी में बारिश ने खेल बिगाड़ दिया। एमआई और आरआर का मुकाबला तय समय से 2 घंटे 40 मिनट देरी से शुरू हुआ। मौसम की वजह से ओवर घटाकर मैच 11-11 ओवर का किया गया।

### यशस्वी ने पहले ओवर में 5 बाउंड्री लगाई

**यशस्वी जायसवाल ने पहले ओवर में 4 चौके और एक सिक्स लगा दिया। उन्होंने दीपक चाहर के खिलाफ 22 रन बटोरे। इस ओवर में जायसवाल ने पहली ही गेंद पर चौका लगा दिया। उन्होंने दूसरी गेंद पर सिक्स जड़ा और फिर तीसरी व चौथी गेंद पर लगातार बाउंड्री लगाईं। ओवर की आखिरी गेंद पर भी चौका लगा दिया।**

### वैभव ने बुमराह की पहली बॉल पर सिक्स लगाया

**वैभव सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह के ओवर में 2 सिक्स लगाए। पहली ही गेंद पर उन्होंने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से शानदार सिक्स लगाया। इसके बाद शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलते हुए डीप स्क्वेयर लेग के पार सिक्स लगा दिया।**

### यशस्वी की चौके से 17वीं आईपीएल फिफ्टी

**यशस्वी जायसवाल ने चौके के साथ अपनी 17वीं आईपीएल फिफ्टी पूरी की। उन्होंने हार्दिक पंड्या की गेंद को कट शॉट खेलते हुए डीप पॉइंट बाउंड्री तक पहुंचाया। इस चौके के साथ जायसवाल ने लगातार दूसरी फिफ्टी भी लगाई।**

### रदरफोर्ड का सिक्स दर्शक को लगा

*शेरफेन रदरफोर्ड का एक सिक्स स्टैंड में बैठे दर्शक को जा लगा। 8वें ओवर में तुषार देशपांडे की फुल लेंथ गेंद पर उन्होंने शॉट खेला और गेंद डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से स्टैंड में गई। 92 मीटर लंबा यह सिक्स स्टैंड में बैठी एक बच्ची को जा लगा।*

## एफसी बायर्न म्यूनिख ने रियल मैड्रिड को 2-1 से हराया....

**मैड्रिड।** एफसी बायर्न म्यूनिख ने रियल मैड्रिड को चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की दिशा में मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। बायर्न के लिए लुइस डियाज और हैरी केन ने गोल किए, जबकि मैड्रिड की ओर से किलियन म्बाप्पे ने एकमात्र गोल दागा। मैच में बायर्न ने कई मौके बनाए और टीम को महसूस होगा कि वह बड़े अंतर से जीत सकती थी। मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने युवा मिडफील्डर थियागो पिटार्च को मौका दिया, जबकि ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड और अल्वारो कैरेरास को फुलबैक के रूप में उतारा। वहीं बायर्न को केन की फिटनेस से बड़ी मजबूती मिली। मैच की शुरुआत में बायर्न को केन के शुरुआत करने के लिए फिट होने से बढ़ावा मिला। केन ने तुरंत असर डाला, लेकिन डेयोट उपामेकानो मौका नहीं भुना सके। एक फ्री किक को डेयोट उपामेकानो की तरफ हेड किया, लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। इसके बाद मैड्रिड ने पलटवार किए, जहां मैनुअल न्यूएर ने शानदार बचाव करते हुए एम्बाप्पे और विनीसियस जूनियर को गोल करने से रोका। पहला गोल 40वें मिनट में आया, जब डियाज ने बेहतरीन मूव के बाद बायर्न को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ की शुरुआत में



ही केन ने शानदार शॉट लगाकर स्कोर 2-0 कर दिया। मैड्रिड ने वापसी की कोशिश की और 72वें मिनट में जूड बेलिंगहैम को उतारा गया। इसके बाद एम्बाप्पे ने 74वें मिनट में गोल कर अंतर कम किया। आखिरी मिनटों में दोनों टीमों ने मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में कामायबी हासिल नहीं कर सकी। जमाल मुसियाला समेत बायर्न के कई खिलाड़ियों ने मौके गंवाए, जिससे टीम की बढ़त और बड़ी नहीं हो सकी।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने महिला क्रिकेटरों के लिए किया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान, अनकैप्ड आइंसवर्थ को मिली जगह

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 2026-27 सत्र के लिए महिला क्रिकेटरों के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है। कॉन्ट्रैक्ट में लूसी हैमिल्टन और क्लो आइंसवर्थ जैसे नए चेहरे शामिल किए गए हैं। 18 सदस्यों वाली इस टीम में पिछले साल की तुलना में 3 बदलाव हुए हैं। तस्मानिया की ऑलराउंडर निकोला कैरी को फिर से मौका दिया गया है। बाएं हाथ की युवा तेज गेंदबाज हैमिल्टन ने रैंक में तेजी से आगे बढ़ने के बाद अपना पहला कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है। 19 साल की इस खिलाड़ी ने मार्च में सिर्फ तीन सप्ताह के अंदर तीनों फॉर्मेट में सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया था। 2025 में अंडर-19 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने के बाद वह होबार्ट में भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान सीनियर टीम में शामिल हुईं, जिसके तुरंत बाद वाका ग्राउंड पर उनका टेस्ट डेब्यू हुआ। उन्होंने अपने इस शानदार महीने का अंत सेंट विंसेंट में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 मैच से किया। पश्चिम ऑस्ट्रेलिया की 20 साल की तेज गेंदबाज आइंसवर्थ ने अब तक राष्ट्रीय टीम



के लिए डेब्यू नहीं किया है, इसके बावजूद उन्हें कॉन्टैक्ट में शामिल किया गया है। 2023 में पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ आने के बाद से उन्हें एक होनहार खिलाड़ी माना जा रहा है। उन्होंने विमेंस बिग बैश लीग के तीन सीजन में 22.30 की औसत और सात से कम के इकॉनमी रेट से 40 विकेट लिए हैं। कैरी की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में वापसी इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई सेटअप में उनकी वापसी के बाद हुई है। 32 साल की कैरी ने 2023 में तस्मानिया के साथ घरेलू क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए कॉन्ट्रैक्ट से बाहर निकलने का फैसला किया था। इस फैसले से उन्हें अपनी स्किल्स को बेहतर बनाने और विदेशी फ्रेंचाइजी लीग में एक्सपोजर पाने का मौका मिला। उनके बेहतर प्रदर्शन ने आखिरकार नेशनल टीम में वापसी का रास्ता बनाया। इस बीच, पूर्व कप्तान एलिसा हीली को पर्थ में अपना टेस्ट करियर खत्म करने के बाद कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है। विक्टोरिया की टेस फ्लिंटॉफ और टायला व्लामिन्क भी कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा नहीं हैं। फ्लिंटॉफ, जिन्हें पिछले सीजन में उनकी क्षमता के आधार पर शामिल किया गया था, कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में रहने के दौरान नेशनल प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बना पाईं। दूसरी ओर, व्लामिन्क 2024 टी20 विश्व कप के दौरान लगी कंधे की चोट से उबरने की कोशिश कर रही हैं, और हाल ही में एक घरेलू रेड-बॉल मैच में वापसी की है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के परफॉर्मेंस हेड और राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा कि फ्लिंटॉफ और व्लामिन्क का अभी कॉन्ट्रैक्ट नहीं है, लेकिन वे भविष्य में चुने जाने की दौड़ में बने हुए हैं।

**सीए से सत्र 2026-27 के लिए कॉन्ट्रैक्ट पाने वाली महिला खिलाड़ी:** क्लोई एन्सवर्थ, डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, लूसी हैमिल्टन, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

### एएफसी अंडर-20 विमेंस एशियन कप

## भारत ने चीनी ताइपे को 3-1 से हराया नॉकआउट में पहुंचने की उम्मीदें कायम



**पाथुम थानी (थाईलैंड)।** एएफसी अंडर-20 विमेंस एशियन कप 2026 में बुधवार को भारतीय टीम ने अपने आखिरी ग्रुप-सी मैच में चीनी ताइपे को 3-1 से हराकर नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जिंदा रखी हैं। यह 2004 के बाद एएफसी अंडर-20 विमेंस एशियन कप में भारत की पहली जीत थी। थाईलैंड के पाथुम थानी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भूमिका देवी खुमुकचम (26') ने 'यंग टाइग्रेस' को मैच की शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी। इसके बाद भारत की फॉरवर्ड खिलाड़ी सिबानी देवी नोंगमेइकापम (32', 87') ने दो गोल दागे। मुकाबले के अंतिम पलों में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी काओ हसिन (90+3') ने चीनी ताइपे के लिए एक गोल करके वापसी की कोशिश की। इस नतीजे के साथ, भारत ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर रहा। 'यंग टाइग्रेस' के खाते में तीन मुकाबलों से तीन अंक आए। अब उन्हें ग्रुप बी में जॉर्डन और उज्बेकिस्तान के बीच होने वाले मैच के ड्रॉ होने की जरूरत है, ताकि वे सभी ग्रुपों में तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के तौर पर क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकें। अगर मैच का कोई और नतीजा आता, तो उस मैच की विजेता टीम क्वालीफाई कर जाएगी। जापान (0-6) और ऑस्ट्रेलिया (0-5) के खिलाफ अपने शुरुआती दो मैच हारने के बाद, 'यंग टाइग्रेस' चीनी ताइपे के खिलाफ अपनी किस्मत बदलने के लिए बेताब दिख रही थीं। भारतीय टीम ने जल्द ही 26वें मिनट में मैच का पहला गोल दाग दिया। सिबानी ने दाईं ओर से एक क्रॉस दिया, जिसे लिंगदेइकिम और सुलांजना राउल दोनों ही चूक गईं। हालांकि, बिना किसी रोक-टोक के दूर वाले पोस्ट की ओर दौड़ती हुई भूमिका ने पहली ही कोशिश में गेंद को जोरदार किक के साथ गोल में डाल दिया। 32वें मिनट में सिबानी खुद गोल करने वाली खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने अपने मार्कर (डिफेंडर) को छकाते हुए गेंद को अपने सिर से गोल की दिशा दे दी। मुकाबला जीतने के बाद, वह बॉक्स में घुसीं और अपने बाएं पैर से एक हाफ-वॉली मारी, जिसने गोलकीपर को दूर वाले पोस्ट पर छका दिया। चीनी ताइपे ने पहले हाफ के आखिरी पलों में वापसी की कोशिशें शुरू कर दीं।

## आईपीएल 2026 : आरआर के लिए यशस्वी का 'स्पेशल शतक' सैमसन, बटलर और वॉटसन के क्लब में शामिल हुए

**गुवाहाटी।** बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को तीनों फॉर्मेट में खेलने के लिए उपयुक्त माना जाता है। वह भारतीय टीम के टेस्ट स्क्वाड का नियमित हिस्सा हैं, लेकिन अच्छे प्रदर्शन के बावजूद वनडे और टी20 में उनकी जगह स्थिर नहीं है। जायसवाल बिना इससे निराश हुए जहां भी मौका मिलता है, पूरी क्षमता के साथ अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। आईपीएल 2026 में मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच में जायसवाल ने कुछ ऐसा ही किया और एक अनोखा कीर्तिमान अपने नाम किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच में यशस्वी जायसवाल ने मात्र 32 गेंदों पर 77 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस पारी



में उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। चौथा छक्का लगाते ही आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए यशस्वी जायसवाल ने अपने 100 छक्के पूरे कर लिए। जायसवाल से पहले आरआर के तीन ही बल्लेबाज यह उपलब्धि हासिल कर सके हैं। पूर्व कप्तान संजू सैमसन 192 छक्कों के साथ पहले स्थान पर हैं। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर 135 छक्कों के साथ दूसरे, और आरआर को 2008 में पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले शेन वॉटसन 109 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। संजू सैमसन आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का हिस्सा बन चुके हैं। जोस बटलर आईपीएल 2025 से गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं, जबकि शेन वॉटसन संन्यास ले चुके हैं। वह आईपीएल 2026 में केकेआर के सहायक कोच हैं।

यशस्वी जायसवाल आईपीएल 2020 से ही राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं। आरआर के लिए अब तक खेले 70 मैचों की 69 पारियों में 2 शतक और 17 अर्धशतकों की मदद से जायसवाल 2,336 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 277 चौके और 100 छक्के निकले हैं। जायसवाल का औसत 36.50 और स्ट्राइक रेट 153.58 रहा है।

## वैभव सूर्यवंशी का तूफान देख गदगद हुए इरफान पठान...कर दी बड़ी मांग' इसे अभी टीम इंडिया की कैप दे दो...

**नई दिल्ली।** इरफान पठान ने कहा, इरफान पठान ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ में जो कहा, वह हर क्रिकेट फैन का दिल जीत रहा है। वैभव की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, 'सूर्यवंशी किस्मत के धनी हैं। 15 साल की उम्र में व्हाइट बॉल क्रिकेट में जो वो कर रहे हैं, मुझे नहीं लगता कि हमने पहले कभी किसी को ऐसा करते देखा है। ' भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान की चाहत है कि सेलेक्टर्स को अब इंतजार नहीं करना चाहिए और वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू कैप दे देनी चाहिए। आईपीएल 2026 के 13वें मैच में मुंबई के खिलाफ वैभव ने मैच खेलते हुए दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज की पहली ही गेंद पर करारा छक्का जड़ दिया, जो सीधे जाकर दर्शक दीर्घा में गिरा। उन्होंने मैच में 14 गेंद क सामना करते हुए 39 रन की पारी खेली। उनके इस प्रदर्शन के बाद अब इरफान पठान ने उनको लेकर बीसीसीआई से उन्हें भारतीय टीम में जगह देने की मांग की। पठान ने बताया कि यह युवा खिलाड़ी खास तौर पर इस पल का इंतजार कर रहा था। उन्होंने कहा कि इस 15 साल के 'वंडर किड' ने कहा था, मैं जसप्रीत बुमराह का इंतजार कर रहा हूं। पिछले साल मैं उनकी गेंद पर आउट हो गया था, लेकिन इस साल मैं आऊंगा और उन्हें शॉट मारूंगा। और देखिए, उसने बुमराह की पहली ही गेंद पर शॉट जड़ दिया। पठान जिस बात से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, वो ये थी कि सूर्यवंशी ने बुमराह जैसे दिग्गज को भी सोच में डाल दिया।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में डेविड वॉर्नर ने मानी गलती

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर से जुड़े ड्रिंक-ड्राइविंग केस में नई जानकारी सामने आई है। वार्नर ने शराब के नशे में गाड़ी चलाने के आरोप को स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक डेविड वॉर्नर ने पुलिस को बताया कि सिडनी के पूर्वी उपनगरों में रोके जाने से कुछ देर पहले उन्होंने शराब पी थी। न्यूजकॉर्प की रिपोर्ट के मुताबिक, वार्नर ने कथित तौर पर अधिकारियों को बताया कि ईस्टर संडे को गाड़ी चलाने से पहले वह एक दोस्त के साथ शराब पी रहे थे। उन्होंने बताया कि मारौबरा में अपने घर वापस जाने की कोशिश करने से पहले उन्होंने तीन ग्लास वाइन पी थी। 39 साल के वार्नर को एक रैंडम ब्रेथ-टेस्टिंग ऑपरेशन के दौरान रोका गया, जहां पुलिस ने देखा कि एक वैन चेकपॉइंट से थोड़ी दूर रुककर पार्क कर रही है। फिर अधिकारी गाड़ी के पास गए और सड़क किनारे टेस्ट किया, जिसमें अल्कोहल की पॉजिटिव रीडिंग आई। फिर वार्नर को आगे की जांच के लिए मारौबरा पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां कथित तौर पर उनके खून में अल्कोहल का स्तर 0.104 दर्ज किया गया, जो कानूनी सीमा से दोगुने से भी अधिक है। तब से उन पर ड्रिंक-ड्राइविंग के एक मिड-रेंज अपराध का आरोप लगाया गया है। उन्हें 7 मई को डाउनिंग सेंटर स्थानीय कोर्ट में पेश होना है।

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप : आयुष शेट्टी ने ली शि फेंग को हराया

**निंगबो।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने चीन के निंगबो में खेले जा रहे बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में बुधवार को दूसरे राउंड में जगह बनाने के लिए ली शि फेंग को सीधे गेम में हराकर शानदार जीत हासिल की। आयुष ने निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में 51 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी को 21-13, 21-16 से हराया। 2023 ऑल इंग्लैंड ओपन के विजेता के साथ आयुष का यह करियर का पहला मुकाबला था। अब वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए दुनिया के नंबर 20 ताइपे के ची यू जेन से खेलेंगे। यह पहली बार नहीं है कि आयुष ने अपने से बेहतर रैंक वाले खिलाड़ी को हराया हो।

पिछले साल, उन्होंने यूएस ओपन के सेमी-फाइनल में चीनी ताइपे के दुनिया के नंबर 6 चाउ टिएन-चेन को हराया था और कनाडा के ब्रायन यांग को हराकर खिताब जीता था।इससे पहले, भारत की टॉप मिक्स्ड डबल्स जोड़ी, ध्रुव कपिला और तनीषा



क्रैस्टो ने पहले दिन अपने कैंपेन की जीत से शुरुआत की। भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के फुवानत होरबानलुएकिट और बेन्यापा एम्सार्ड को 21-14, 11-21, 21-15 से हराया। दूसरे मिक्स्ड डबल्स नतीजों में, अशीथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश मलेशिया के वोंग टिएन सी और लिम चियू सिएन से 21-16, 21-15 से हार गए, जबकि रोहन कपूर और गड्डे रुथविका शिवानी आठवीं सीड गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी से 21-13, 21-19 से हार गए। इस बीच, टॉप इंडियन सिंगल्स प्लेयर्स, पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन, दिन में बाद में एक्शन में होंगे। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु अपने कैंपेन की शुरुआत मलेशिया की वोंग लिंग चिंग के खिलाफ राउंड ऑफ 32 में करेंगी। तीन और इंडियन विमेंस एकल खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, मालविका बंसोड़, और तन्वी शर्मा भी मेन ड्रॉ में हैं और उनके बुधवार को अपने कैंपेन शुरू करने की उम्मीद है। पुरुषों के एकल में, थॉमस कप विनर एच.एस. प्रणय वियतनाम के गुयेन हाई डांग के खिलाफ शुरुआत करेंगे।

# अल्लू अर्जुन नासा में जाना चाहते थे

## पहली फिल्म सुपरहिट, 18 साल बाद पुष्पा ने सुपरस्टार बनाया

एक लड़का, जिसका जन्म फिल्म इंडस्ट्री में गहरी पकड़ रखने वाले एक बड़े परिवार में हुआ। 3 साल की उम्र में वो पहली बार कैमरे के सामने आया। 20 साल की उम्र में बतौर हीरो पहली फिल्म भी आसानी से मिल गई। नाम था- गंगोत्री, जिसके प्रोड्यूसर कोई और नहीं बल्कि उसके पिता ही थे। लेकिन असल संघर्ष इसके बाद शुरू हुआ, पहली फिल्म सुपरहिट होने के बावजूद सांवली रंगत के चलते उसको हीरो मटेरियल नहीं माना गया और कोई भी उसे काम देने आगे नहीं आया और फिर एक नए डायरेक्टर की फिल्म बन रही थी। बड़े स्टार्स फिल्म करने में झिझक रहे थे, तब उसकी कास्टिंग की गई। फिल्म का नाम था- आर्या। लव ट्रायंगल वाली ये फिल्म सुपरहिट रही और उसको स्टारडम मिल गया। बाद में उसी डायरेक्टर के साथ उसने फिल्म पुष्पा की, जो ब्लॉकबस्टर रही और उसे पैन इंडिया स्टार बना दिया। वो डायरेक्टर थे सुकुमार और आज बात हो रही है पैन इंडिया सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की।

### अल्लू अर्जुन के दादा ने 1000+ फिल्मों में काम किया

अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद फेमस फिल्म प्रोड्यूसर हैं और वहीं उनकी मां का नाम निर्मला है। उनके दादा अल्लू रामलिंगैया मशहूर कॉमेडियन थे, जिन्होंने 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनका पैतृक गांव आंध्र प्रदेश के वेस्ट गोदावरी जिले का पलाकोल्लू है। अल्लू अर्जुन तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर हैं। उनके बड़े भाई वेंकटेश एक बिजनेसमैन हैं, जबकि छोटे भाई सिरिश एक एक्टर हैं। उनकी बुआ सुरेखा कोनिडेला, सुपरस्टार चिरंजीवी की पत्नी हैं। चिरंजीवी अल्लू के फूफा और एक्टर राम चरण उनके कजिन हैं। अल्लू अर्जुन ने अपना बचपन चेन्नई में बिताया, लेकिन 1990 के दशक में उनका परिवार हैदराबाद शिफ्ट हो गया। उन्होंने चेन्नई के सेंट पैट्रिक स्कूल से पढ़ाई की और बाद में हैदराबाद के एमएसआर कॉलेज से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री हासिल की।

### नासा में जाने की ख्वाहिश थी

अल्लू अर्जुन स्कूल में एवरेज स्टूडेंट थे, लेकिन डांस और परफॉर्मेंस में हमेशा आगे रहते थे। वैसे तो चाइल्ड एक्टर के तौर पर अल्लू अर्जुन ने फिल्मों में महज 3 साल की उम्र में एक्टिंग की शुरुआत की थी। हालांकि, फिल्म कंपेनियन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि शुरू में उनका एक्टर बनने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने नासा में काम करने सहित कई करियर ऑप्शन के बारे में सोचा था, लेकिन बाद में उनका इंटरेस्ट खत्म हो गया। उन्होंने कहा था कि फिल्मी परिवार में पैदा होने का असर होता है और अंत में इंसान फिल्मों की तरफ लौट आता है। बचपन में उन्होंने कई करियर ऑप्शन्स सोचे थे, जैसे पियानो टीचर, मार्शल आर्ट्स इंस्ट्रक्टर, नासा में काम करना या एनिमेटर। अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद एक फेमस प्रोड्यूसर हैं। अनुपमा चोपड़ा को दिए एक इंटरव्यू में अल्लू अर्जुन ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि वे अपने पिता से भी मार्केट प्राइस के हिसाब से फीस चार्ज करते हैं और वो कोई छूट नहीं देते... हम शुरू से ही साथ काम कर रहे हैं।' उन्होंने यह भी कहा था कि उनके पिता प्रोड्यूसर हैं और वे एक्टर, इसलिए काम में किसी तरह का पक्षपात नहीं होता। उनके पिता भले ही बड़े प्रोड्यूसर हों, लेकिन जब वे उनके प्रोजेक्ट में काम करते हैं, तो पूरी फीस मार्केट रेट के अनुसार ही लेते हैं।

### 2 दिन इंतजार करते रहे विदेशी फैंसः घर बुलाकर चाय पिलाई

अल्लू अर्जुन की गिनती उन अभिनेताओं में होती है, जिनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। फिल्मफेयर को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने फैंस से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया था। अल्लू ने बताया था कि उनकी टीम ने उन्हें जानकारी दी कि मिडिल ईस्ट से कुछ फैंस उनसे मिलने हैदराबाद पहुंचे हैं। वे करीब दो दिनों से सिर्फ उनकी एक झलक पाने के लिए इंतजार कर रहे थे। यह जानकर अल्लू ने उन्हें अंदर बुलाया और घर पर चाय पिलाई और उनसे बातचीत भी की। फैंस ने बताया था कि उनके पास अल्लू अर्जुन की तस्वीरों और वीडियोज का बड़ा कलेक्शन है। खास बात यह थी कि वे उनकी फिल्में भाषा समझे बिना भी देखते थे।

### शूटिंग में बॉडी पर चिपकाए गए डायलॉग पेपर

2020 में आई फिल्म अला वैकुंठपुरमुलो अल्लू के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में शामिल हुई, जिसमें उनके डांस और स्टाइल ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। फिल्म अला वैकुंठपुरमुलो की शूटिंग के दौरान एक मजेदार किस्सा हुआ था, जिसे मलयालम एक्टर जयराम ने क्लब एफएम को दिए इंटरव्यू में शेयर किया था। इस फिल्म में जयराम, अल्लू अर्जुन के पिता का किरदार निभा रहे थे। हालांकि, उन्हें तेलुगु डायलॉग याद रखने में काफी दिक्कत हो रही थी। इस समस्या से निपटने के लिए जयराम ने एक अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने बताया था कि उन्होंने अपने डायलॉग छोटे-छोटे कागजों पर लिखकर अल्लू अर्जुन के माथे और छाती पर चिपका दिए। सीन के दौरान वे उन्हीं कागजों को देखकर अपने डायलॉग बोलते और शॉट पूरा करते थे। सबसे खास बात यह रही कि अल्लू अर्जुन ने इस पर कभी कोई नाराजगी नहीं दिखाई, बल्कि पूरा सहयोग दिया।

### पहली फिल्म सुपरहिट, लेकिन फिर भी काम नहीं मिला

2003 में फिल्म गंगोत्री से अल्लू अर्जुन ने बतौर लीड रोल करियर की शुरुआत की थी। जिसे उनके पिता अल्लू अरविंद ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म सुपरहिट थी, लेकिन आलोचकों और दर्शकों के एक वर्ग ने उनके लुक्स को एक मास हीरो के लिए फिट नहीं माना था। फिल्म के बाद उनके पास कोई काम नहीं था और वह लगभग बेरोजगार हो गए थे। हैदराबाद में 7 मई 2024 को फिल्म आर्या के 20 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक इवेंट में अल्लू अर्जुन ने कहा था गंगोत्री सुपरहिट रही, लेकिन मैं अच्छा नहीं दिखा, इसलिए मुझे अच्छी फिल्में नहीं मिलीं।

फिल्म ब्लॉकबस्टर थी, लेकिन एक कलाकार के रूप में यह मेरी असफलता थी कि मैं अपनी पहचान नहीं बना पाया। मैं 0 से -100 पर पहुंच गया था, मैं एकदम अनजान था। फिर एक दिन वह अपने दोस्त और एक्टर तरुण के साथ नितिन की फिल्म दिल की स्क्रीनिंग में पहुंचे, जहां डायरेक्टर सुकुमार ने उन्हें फिल्म आर्या की कहानी सुनाई। उन्होंने बताया था कि सुकुमार नए डायरेक्टर थे, लेकिन उनकी लिखी कहानी उन्हें पसंद आई। एक्टर ने बताया था कि वह रवि तेजा की फिल्म इडियट जैसी कूल फिल्म करना चाहते थे और आर्या उनके लिए वैसी ही फिल्म साबित हुई। उन्होंने खासतौर पर गाने थकधिमिथोम को अपने टैलेंट दिखाने का बड़ा मौका बताया। फिल्म आर्या ने उन्हें स्टार बना दिया। इस फिल्म की सफलता के बाद उन्होंने बन्नी और हैप्पी जैसी फिल्मों में काम किया, जहां उनकी डांसिंग और एनर्जी को काफी सराहा गया। 2007 से 2010 के बीच उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदारों में खुद को आजमाया। देसमुदुरु, परुगु और आर्या 2 जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी एक्टिंग और इमोशनल रेंज साबित की। वेदम (2010) में उनकी बेहतरीन एक्टिंग के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। 2011 से 2013 के दौरान बद्रीनाथ, जुलायी और इद्दाराम्मयिलाथो जैसी फिल्मों में उन्होंने एक्शन, रोमांस और स्टाइल का बेहतरीन मिक्सर दिखाया। फिल्म जुलायी में उनकी परफॉर्मेंस को खास तौर पर सराहा गया। इसके बाद 2014 में रेस गुर्रम ने उनके करियर को नई ऊंचाई दी और यह उनकी पहली 100 करोड़ रुपए कमाने वाली फिल्म बनी। 2015 से 2020 के बीच के दौर में उन्होंने सन ऑफ सत्यमूर्ति, रुद्रमादेवी और सरैनोडु जैसी फिल्मों की। रुद्रमादेवी में उनके रोल गोना गन्ना रेड्डी को काफी लोकप्रियता मिली और उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला।

### पुष्पा के लिए पहली पसंद नहीं थे

पुष्पा आज भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी में गिनी जाती है, लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन पहली पसंद नहीं थे। फिल्म के लिए सबसे पहले महेश बाबू को अप्रोच किया गया था, लेकिन जब किसी कारण इस प्रोजेक्ट को लेकर उनसे बात नहीं बनी तो अल्लू अर्जुन की एंट्री हुई। वहीं, पुष्पा राज का किरदार ढालने के लिए अल्लू अर्जुन को करीब दो साल का समय लगा। उन्होंने अपने लुक, बॉडी लैंग्वेज, बोलने के अंदाज और यहां तक कि चलने के तरीके पर भी गहराई से काम किया। पुष्पा का किरदार प्ले करना आसान नहीं था। शूटिंग के दौरान अल्लू अर्जुन को शारीरिक तकलीफों का भी सामना करना पड़ा। उनके कंधे में चोट आई थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने लगातार शूटिंग जारी रखी। जब 2021 में पुष्पाः द राइज रिलीज हुई, तो इसने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। फिल्म उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो गई। इसके बाद 2024 में आई पुष्पा 2 ने दुनिया भर में 1700 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की और यह तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी।

### पुष्पा 2 में साड़ी पहनने को लेकर डर गए थे

अल्लू अर्जुन ने द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए इंटरव्यू में फिल्म पुष्पा 2 के मशहूर जठारा सीन को लेकर बताया था कि जब डायरेक्टर सुकुमार ने उन्हें इस सीन के लिए साड़ी और झुमके पहनने का सुझाव दिया, तो वे डर गए थे। उस समय वे एक माचो इमेज वाले फोटोशूट से निकले थे, इसलिए यह आइडिया उनके लिए बिल्कुल अलग और चैलेंजिंग था। हालांकि, धीरे-धीरे उन्होंने इस कॉन्सेप्ट को समझना शुरू किया और टीम के साथ मिलकर इसके लुक पर काम किया। अल्लू अर्जुन ने कहा था कि शुरुआत में डर था, फिर एक्सप्लोरेशन हुआ और बाद में उन्हें यकीन हो गया कि यही सीन फिल्म की सबसे बड़ी खासियत बनेगा। उन्होंने इसे अपने करियर के एक बड़े चैलेंज के रूप में लिया था। अल्लू अर्जुन ने यह भी बताया कि उन्होंने और सुकुमार ने इस बात का खास ध्यान रखा कि साड़ी पहनने के बावजूद उनका किरदार माचो और अल्फा बना रहे। इस सीन में उन्होंने नीली साड़ी और बॉडी पेंट के साथ देवी गंगम्मा की पूजा को दर्शाया, जो फिल्म का एक बेहद प्रभावशाली और यादगार हिस्सा बन गया।

### बेस्ट एक्टर का नेशनल अवार्ड जीतने वाले पहले तेलुगू एक्टर


अल्लू अर्जुन बेस्ट एक्टर केटेगरी के लिए नेशनल अवार्ड जीतने वाले पहले तेलुगू एक्टर हैं। उन्होंने यह अवार्ड 69वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स (2023) में फिल्म पुष्पाः द राइज (2021) में शानदार एक्टिंग के लिए मिला था। इसके बाद उन्होंने तेलुगू सिनेमा के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया, क्योंकि उनसे पहले किसी भी तेलुगू एक्टर को बेस्ट एक्टर केटेगरी में यह अवार्ड नहीं मिला था।

### अल्लू अर्जुन की लव स्टोरी

अल्लू अर्जुन और उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी की लव स्टोरी किसी खूबसूरत फिल्मी कहानी से कम नहीं है। कहानी की शुरुआत अमेरिका में एक शादी से होती है। अल्लू अर्जुन वहां एक गेस्ट बनकर पहुंचे थे, और उसी इवेंट में स्नेहा भी शामिल थीं। भीड़ के बीच जैसे ही अल्लू की नजर स्नेहा पर पड़ी, मानो समय थम गया। यह उनके लिए लव एट फर्स्ट साइट था। हालांकि उस दिन दोनों के बीच सिर्फ एक हल्की-सी 'हाय-हेलो' ही हो पाई, लेकिन दिल में कुछ खास जगह बन चुकी थी। शादी के बाद भी अल्लू स्नेहा को भूल नहीं पाए। आखिरकार हिम्मत करके उन्होंने एक मैसेज भेजा और यहीं से उनकी कहानी ने नया मोड़ लिया। बातों का सिलसिला शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे दोस्ती और फिर गहरे प्यार में बदल गया। दोनों ने अपने रिश्ते को कुछ समय तक दुनिया से छुपाकर रखा। लेकिन असली परीक्षा तब आई, जब परिवारों को इस रिश्ते के बारे में पता चला। शुरुआत में दोनों के परिवार इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। फिर भी, अल्लू और स्नेहा अपने प्यार पर अडिग रहे। आखिरकार अल्लू अर्जुन के पिता ने पहल की और दोनों परिवारों को मना लिया। 26 नवंबर 2010 को उनकी सगाई हुई और 6 मार्च 2011 को दोनों के शादी के बंधन में बंध गए।

### अल्लू अर्जुन की अपकमिंग फिल्में

अल्लू अर्जुन की अपकमिंग फिल्मों में दो बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। पहली फिल्म एटली डायरेक्ट कर रहे हैं, एक बड़े बजट की साइ-फाई एक्शन फिल्म है। दूसरी फिल्म लोकेश कनकराज के साथ है, जिसकी घोषणा जनवरी 2026 में हुई थी। इसे मैथरी मूवी मेकर्स प्रोड्यूस करेंगे और अनिरुद्ध रविचंदर संगीत देंगे।




# 'जवान' फेम एटली की भव्य फैंटेसी-एक्शन फिल्म 'एए22×ए6' अब 'राका', अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर टाइटल का ग्लोबल ऐलान

भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशकों में शामिल एटली की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक एए22 × ए6 का आधिकारिक टाइटल अब 'राका' हो चुका है और इसका ऐलान आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर किया गया है, जिसने एटली और अल्लू अर्जुन के फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है। टाइटल रिवील के साथ जारी पोस्टर फिल्म की दुनिया की एक झलक रही है, जो डार्क, इंटेंस और रहस्यमयी विजुअल टोन से भरपूर है। पोस्टर में दिखाए गए क्रिएचर जैसे एलिमेंट्स एक बड़े और अलग सिनेमाई यूनिवर्स की ओर इशारा करते हैं, जो दर्शकों को नया अनुभव देने वाला है। 'राका' एक भव्य फैंटेसी-एक्शन एंटरटेनर है, जिसे खासतौर पर ग्लोबल ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। सन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही यह फिल्म बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही है, जिसमें निर्देशक एटली शानदार स्केल, दमदार कहानी और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस फिल्म में अल्लू अर्जुन न सिर्फ एक बिल्कुल नए और पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएँगे, बल्कि यह किरदार उनके अब तक के करियर से अलग और काफी दमदार होगा। फिल्म के निर्देशक एटली कुमार, जो अपने बड़े और अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं, 'राका के जरिए एक ऐसा यूनिवर्स तैयार कर रहे हैं जिसमें फैंटेसी, एक्शन और इमोशन का मेल होगा। इस संदर्भ में एटली कुमार ने कहा, 'राका, सिर्फ एक फिल्म नहीं है... यह मेरे जीवन का एक हिस्सा है, जिसे मैंने सालों तक संभालकर रखा। 18 साल तक मैंने इस एक आइडिया को जिंदा रखा। इसने मुझे बहुत कुछ सिखाया और हर समय मेरे साथ रहा। और सच कहूं... यह तो बस शुरुआत है।' एटली कुमार के साथ सन पिक्चर्स ने भी इस प्रोजेक्ट को भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी कोशिशों में से एक बताया। उनका कहना है कि एटली की कहानी और अल्लू अर्जुन की स्टार पावर मिलकर 'राका' को दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाएगी। यह फिल्म सन पिक्चर्स, अल्लू अर्जुन और एटली कुमार के बीच एक बड़ा सहयोग है, जो भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर और मजबूत करेगा। फिलहाल फिल्म के टाइटल रिलीज़ के साथ ही 'राका' ने यह भी साफ कर दिया है कि यह फिल्म एक भव्य और नया सिनेमाई अनुभव देने वाली है, जो ग्लोबल स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएगी।



# टच बडी में नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला : जोनिता गांधी

डकैत अ लव स्टोरी के गाने के बारे में प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी ने खुलकर बात की है। पवन सिंह के साथ गाए गए नए गाने 'टच बडी' को लेकर जोनिता का मानना है कि इस गाने के जरिए कलाकार के तौर पर एक नए पहलू को एक्सप्लोर करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि यह गाना उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था, जिसने उन्हें खास तौर पर आकर्षित किया। जोनिता गांधी इस समय अपनी कलात्मक यात्रा के एक नए दौर में हैं। वे अब सिर्फ आवाज देने तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि स्क्रीन पर भी पूरी तरह छा जाना चाहती हैं। 'टच बडी' में उन्होंने न सिर्फ गाया है,



बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ डांस परफॉर्मेंस भी किया है। जोनिता ने कहा, 'यह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था। मुझे डांस करना बहुत पसंद है, इसलिए इस गाने की ओर मैं खिंची चली गई। मैंने इसे एक किरदार निभाने के रूप में अपनाया। यह मेरी अपनी असलियत का विस्तार नहीं था, बल्कि एक कलाकार के रूप में मुझे एक नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला।' उन्होंने आगे कहा, 'एक कलाकार के तौर पर मैं खुद के और भी कई पहलुओं को एक्सप्लोर कर रही हूं। अभी और भी बहुत कुछ आने वाला है। मैंने तो अभी बस शुरुआत की है। अपना प्यार और साथ बनाए रखिएगा।' गाने में जोनिता एक स्टाइलिश, चंचल और आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका 'ग्रूव', एटीट्यूड और सहजता इस ट्रैक का मुख्य आकर्षण है। गाने का तेलुगु वर्जन भी रिलीज हो चुका है, जिसमें उनके साथ राम मिरियाला नजर आ रहे हैं। दोनों भाषाओं के कलाकारों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिल रहा है।

# फेम पाने के लिए कर रहे घटिया हरकत रजत दलाल : मोनालिसा

रियलिटी शो द 50 के दौरान शुरू हुए विवाद शांत नहीं हो रहे हैं। हाल ही में बिना नाम लिए एक्ट्रेस मोनालिसा ने रजत दलाल पर पलटवार किया है। एक्ट्रेस मोनालिसा का कहना है कि कुछ लोग रियलिटी शो से बाहर आने के बाद भी बाहर नहीं आ पा रहे हैं। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया,जिसमें वो बिना नाम लिए रजत दलाल पर निशाना साध रही हैं। रजत दलाल ने हाल ही में कहा था कि उन्हें मोनालिसा की कही किसी भी बात से फर्क नहीं पड़ता है। अब अभिनेत्री ने वीडियो जारी कर कहा, कुछ लोग रियलिटी शो से बाहर आने के बाद भी बाहर नहीं आ पा रहे हैं, क्योंकि उनकी असली जिंदगी भी फेक है। जब ऐसी हरकत करेंगे, तभी तो



दिखेंगे। उन्होंने आगे कहा, किसी को मेरे गुस्से से क्यों फर्क पड़ेगा, क्योंकि शो के अंदर हमने उनकी तरह गाली नहीं दी। अब शो के बाहर भी वो कुछ भी बोल रहे हैं और उनके पेड पीआर करने वाले लोगों की कोई सीमा नहीं है। हमें एक से बढ़कर एक घटिया बातें सुनने को मिल रही हैं। मेरी मां और परिवार को लेकर गलत बातें की जा रही हैं। अगर मेरी वजह से किसी और के साथ ऐसा होता तो मैं खुद उस मामले को रोकती, क्योंकि मेरी परवरिश ऐसी नहीं है।

# लीजा रे को आफरीन-आफरीन गाने से मिली थी पहचान

कनाडा की खूबसूरत एक्ट्रेस और मॉडल लीजा रहे ने मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की, बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। घातक कैंसर जैसी बीमारी को हराया और सरोगेसी के जरिए दो प्यारी जुड़वा बेटियों की मां बनीं। लीजा रे की कहानी सिर्फ सफलता की नहीं, बल्कि हौसले, संघर्ष और जिंदगी से कभी हार न मानने की मिसाल भी है। लीजा रे का जन्म 4 अप्रैल 1972 को कनाडा के टोरंटो में हुआ था। मात्र 16 साल की उम्र में उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रख दिया। साल 1996 में नुसरत फतेह अली खान के मशहूर गाने आफरीन-आफरीन में उन्होंने पहली बार स्क्रीन पर धमाल मचाया। इसके बाद उन्होंने तमिल फिल्म नेताजी से अभिनय की शुरुआत की। साल 2001 उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ जब उन्होंने आफताब शिवदासानी के साथ हिंदी फिल्म कसूर से बॉलीवुड एंट्री की। इस थ्रिलर फिल्म में उनकी एक्टिंग और खूबसूरती दोनों को खूब सराहा गया। गानों में भी वे काफी प्रभावशाली नजर आईं। इसके बाद साल 2004 में दीपा मेहता की फिल्म



वॉटर आई, जो ऑस्कर के लिए नामांकित हुई। इस फिल्म ने लीजा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और उनकी एक्टिंग स्किल्स को नई ऊंचाई दी। लीजा रे की जिंदगी आसान नहीं रही। साल 2009 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नामक ब्लड कैंसर का पता चला। यह बीमारी बहुत खतरनाक होती है और ज्यादातर लोग इससे हार मान लेते हैं। लेकिन लीजा ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने इलाज कराया और साल 2010 में स्टेम सेल ट्रांसप्लांट कराकर इस बीमारी पर जीत हासिल की। कैंसर से उबरने के बाद भी वे दवाइयों पर निर्भर रहीं, लेकिन अपनी जिंदगी को नई दिशा देने में लगी रहीं। कैंसर पर काबू पाने के बाद लीजा ने बॉलीवुड में वापसी की। साल 2015-2016 में रिलीज हुई फिल्म इश्क फॉरएवर से उन्होंने फिर से दर्शकों का ध्यान खींचा। इसके अलावा उन्होंने वीरप्पन जैसी फिल्म में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी मेहनत और सकारात्मक सोच की वजह से वह आज भी इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। निजी जिंदगी में भी लीजा ने कई चुनौतियों का सामना किया। कैंसर के इलाज की वजह से उनकी प्राकृतिक मातृत्व की संभावना प्रभावित हो गई थी। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। साल 2012 में उन्होंने जेसन देहनी से शादी की। इसके बाद दंपति ने सरोगेसी का रास्ता चुना। साल 2018 में जॉर्जिया के टिबिलिसी में सरोगेसी के जरिए उनकी दो जुड़वा बेटियां हुईं, जिनका नाम उन्होंने सूफी और सोलेल रखा।

# राकेश बेदी ने की नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू

बॉलीवुड फिल्म धुरंधर-2 की सक्सेस के बाद अभिनेता राकेश बेदी ने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। धुरंधर-2 में राजनेता जमील जमाली का किरदार निभाने वाले अभिनेता एक समारोह में शामिल होने उज्जैन पहुंचे। इस दौरान अपने किरदार को लेकर अभिनेता ने की गई तैयारी पर बात की और यह भी साफ किया कि धुरंधर-3 नहीं आने वाली है। धुरंधर-2 की सक्सेस पर बात करते हुए अभिनेता राकेश बेदी ने कहा, फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट रही है और कमाई भी अच्छी कर रही है, लेकिन फिल्म का कॉन्सेप्ट और निर्देशन आदित्य धर का है। हमने तो कलाकार के तौर पर काम किया, जो काम हमें करने के लिए कहा गया, लेकिन असल मेहनत आदित्य धर की है। फिल्म धुरंधर-2 में जमील जमाली के किरदार के लिए अभिनेता ने बहुत मेहनत की। उन्होंने बताया कि हर किरदार के लिए मेहनत करनी पड़ती है। जैसे हम विराट कोहली को छक्का मारते देखते हैं तो देखने में कितना आसान लगता है, लेकिन असल में ऐसा होता नहीं है। ऐसे ही हर किरदार को निभाने से पहले बहुत कुछ करना होता है। वहीं फिल्म में रणवीर सिंह को असली धुरंधर बताते हुए अभिनेता ने कहा, जिस तरीके से किरदार की मांग थी, सभी किरदारों ने वैसा ही रोल प्ले किया। मेरा किरदार रणवीर सिंह को बचाने का था क्योंकि अगर कोई स्पाई दूसरे देश में जा रहा है, तो कोई तो सपोर्ट करने वाला और बचाने वाला होना चाहिए। अपने शुरुआती करियर पर बात करते हुए राकेश बेदी ने कहा, मेरे पिताजी चाहते थे कि मैं आईआईटी करूं, और मैं एंट्रेंस एग्जाम भी देने पहुंचा था, लेकिन मुझे 35 सवालों में से सिर्फ सवाल नंबर 7 का उत्तर पता था।

# चार जिले के सहायक आयुक्त को शो-कॉज नोटिस

## प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने ली राज्य स्तरीय विभागीय बैठक, आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

आदिम जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आज मंत्रालय में प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं, आय–व्यय तथा आगामी कार्ययोजनाओं सहित विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

प्रमुख सचिव ने विभागीय योजनाओं में बेहतर कार्य करने वाले जिलों की सराहना की, वहीं विभिन्न मदों के बजट आबंटन को सदुपयोग न करने वाले चार जिले बलौदाबाजार, बेमेतरा, जशपुर और बिलासपुर के सहायक आयुक्तों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए आश्रम छात्रावासों की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। श्री बोरा ने निर्देशित किया कि अगले दो महीनों में छात्रावासों के मरम्मत, रंग–रोगन, शौचालय, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर लिया जाए। साथ ही छात्रावासों में अग्निशमन यंत्र और सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए।



उन्होंने 卐प्रोजेक्ट संकल्प卐 के तहत विद्यार्थियों के सांस्कृतिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को और मजबूत करने के लिए ध्यान और योग को भी शामिल करने की बात कही। इसके अलावा, सेप्टिक टैंकों की सफ़ाई मैनुअल तरीके से न कराकर, नगरीय निकायों के माध्यम से सक्शन मशीनों से कराने के निर्देश दिए।

बैठक में छात्रवृत्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर संतोष जताया गया। बताया गया कि नई व्यवस्था के तहत पिछले सत्र में 3.3 लाख विद्यार्थियों को माह दिसम्बर तक छात्रावृत्ति की 72 प्रतिशत राशि और 99 प्रतिशत राशि 31 मार्च तक, सुगमतापूर्वक समय पर सीधे विद्यार्थियों के खातों में हस्तांतरित की गई। इस व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के लिए जल्द ही पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी और फर्जीवाड़े पर भी रोक लगेगी।

वन अधिकार अधिनियम की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का 15 दिनों के भीतर ग्राम सभाओं के माध्यम से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# खनिजो के अवैध उतखनन व परिवहन पर 14 ट्रेक्टर ट्राली, 5 हाइवा , 1 पोकलेन व 1 जेसीबी मशीन जप्त

**बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार एंव उप संचालक महोदय के मार्गदर्शन मे जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 04/04/2026, 05/04/2026 व



07/04/2026 को खनिज अमला बिलासपुर द्वारा रतखंडी व धुमा, मानिकपुर लावर व राजपुर केकती क्षेत्र की जाँच की गयी। जाँच के दौरान रतखंडी क्षेत्र अंतर्गत अरपा नदी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध उतखनन व परिवहन करते 10 ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को जप्त किया गया। धुमा मानिकपुर क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उतखनन व परिवहन करते 01 पोकलेन मशीन व 04 हाइवा वाहनों को जप्त किया गया है। लावर क्षेत्र से खनिज रेत का परिवहन करते 01 हाइवा जप्त किया गया है। राजपुर केकती क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उतखनन करते 01 जे सी बी व 04 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। बुतेना क्षेत्र से मुरुम का अवैध उतखनन करते 01 जे सी बी वाहन को जप्त किया गया है।इस प्रकार जप्त कुल 22 वाहनों को पुलिस चौकी बेलगहना तथा खनिज जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है।खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही जारी है।

# छत्तीसगढ़ कॉमन्स कंवीनिंग आज से नवा रायपुर में

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

साझा प्राकृतिक संसाधनों (कॉमन्स) के सुशासन और सामुदायिक संरक्षण पर केंद्रित दो दिवसीय 卐छत्तीसगढ़ कॉमन्स कंवीनिंग卐 का आयोजन 9 एवं 10 अप्रैल को सबेरे 10:30 बजे से ट्राइबल रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, सेक्टर–24, नवा रायपुर में किया जाएगा।

यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के जनजातीय विकास विभाग के सहयोग से 卐प्रॉमिस ऑफ कॉमन्स卐 पहल के अंतर्गत विभिन्न साझेदार संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन में नीति–निर्माता, सामाजिक कार्यकर्ता, सामुदायिक प्रतिनिधि, शोधकर्ता एवं मीडिया से जुड़े लोग भाग लेकर कॉमन्स के सुशासन, सामुदायिक प्रबंधन और संस्थागत तंत्र पर विचार–विमर्श करेंगे।

9 अप्रैल को उद्घाटन सत्र में प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा कॉमन्स विषय पर मुख्य वक्तव्य देंगे, जबकि 10 अप्रैल को मुख्य सचिव श्री विकास शील जनजातीय नीति पर संवाद में शामिल होंगे। समापन सत्र में आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम शामिल होंगे।

सम्मेलन में पद्मश्री सम्मानित श्री पांडी राम मांडवी एवं श्री जोगेश्वर यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री अश्विनी कंगे और सुश्री इंदु नेताम, पर्यावरणविद् श्री रामवीर तंवर सहित कई विशेषज्ञ भाग लेंगे।

कार्यक्रम में कॉमन्स का सुशासन, जलवायु परिवर्तन, आजीविका, सामुदायिक संरक्षण, सांस्कृतिक आयाम और नीति समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। आयोजन से प्राप्त सुझाव राज्य में साझा संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और भविष्य की नीतियों के निर्माण में सहायक होंगे।

# कृषि महाविद्यालय, रायपुर में उज़्बेकिस्तान यात्रा पर आधारित

## अंतरराष्ट्रीय अवसरों हेतु संगोष्ठी आयोजित

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



कृषि महाविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में उज़्बेकिस्तान यात्रा के प्रमुख निष्कर्षों को साझा करने एवं अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने के सतत प्रयासों का हिस्सा है।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के औपचारिक स्वागत के साथ हुई। तत्पश्चात अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रोफेसर हुलास पाठक ने 28 फरवरी से 10 मार्च तक माननीय कुलपति के नेतृत्व में किए गए उज़्बेकिस्तान भ्रमण के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विस्तार से बताया कि इस यात्रा के दौरान कृषि, एग्रीबिजनेस, ग्रामीण विकास, उद्यमिता एवं नवाचार के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं तथा भविष्य में सहयोग की व्यापक संभावनाएँ सामने आई हैं।

इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य उज़्बेकिस्तान यात्रा से प्राप्त अनुभवों को, विभागाध्यक्षों, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों तक पहुँचाना तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय अवसरों के प्रति जागरूक करना था। साथ ही, छात्रों को वैश्विक स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के अवसरों में भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं अनुसंधान तंत्र से संबंधित संभावित सहयोग क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई। इसमें छात्र एवं संकाय विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएँ तथा विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी जैसे विषय प्रमुख रहे।

संगोष्ठी में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को उड़ान योजना के तहत विदेशों में शोध एवं प्रशिक्षण के अवसरों तथा प्राध्यापकों को उत्कर्ष योजना के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग हेतु वित्तीय सहायता के बारे में अवगत कराया गया। इन योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक बाधाओं को कम करते हुए अधिक से अधिक शिक्षकों एवं छात्रों को वैश्विक मंच पर अवसर प्रदान करना है।

कार्यक्रम के दौरान कृषि महाविद्यालय, रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर आगे बढ़ने तथा छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अनुभव विद्यार्थियों के करियर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
के 25 वर्ष पूर्ण होने पर
आकर्षक ऑफर कम दर में
क्लासीफाईड विज्ञापन
प्रकाशित करें
पब्लिक नोटिस
आम सूचना
कोर्ट नोटिस
खरीदी बिक्री
आवश्यकता
अखबार पढ़ने के लिए स्कैन करे :-
VISIT US ON SCAN
संपर्क करें:-
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
9806044444
pratidincg@gmail.com
https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रूट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर मो. 9826145558, 07714028271

**प्रेम प्रकाश मध्यानी एड एजेंसी**
लक्ष्मी ड्रेसेस - कपूर होटल के सामने, श्याम नगर, रायपुर मो. 93294-07988

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर फोन नं. 2539968, मो.-93291-00263

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप मो. 98267-01259, 62642-74844

**माँ एड एजेंसी**
ग्राउण्ड फ्लोर, मंजीत टॉवर, रायपुरा चौक के पास, रायपुर Website: www.maaadagency.com मो. 78691-87165

# 250 से अधिक आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही से बढ़ा भरोसा

## एडीएम ने सुनी आमजनों की मांगें एवं समस्याएं

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाला जनदर्शन के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को न केवल सुनी जा रही है, बल्कि उनके समाधान के लिए त्वरित और प्रभावी कार्यवाही भी की जा रही है। इससे जनता का विश्वास और मजबूत हो रहा है तथा शासन की जनहितकारी नीतियां जमीनी स्तर पर सार्थक रूप से क्रियान्वित हो रही हैं। जनदर्शन आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त मंच बनता जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बड़ी संवेदनशीलता के साथ आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनदर्शन में 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जो यह दर्शाता है कि आमजन अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पर भरोसा जता रहे हैं। विभिन्न गांवों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। ग्राम कोदवाबानी के राकेश कुमार ने पुस्तैनी जमीन के बंटवारे की मांग रखी, वहीं ग्राम पीपरखुंटा के सोमनाथ बंजारे ने गांव में विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर स्थापित कराने की आवश्यकता बताई। ग्राम देवरी के सुखम पटेल ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण की मांग की, जबकि ग्राम डोड़ा के मलेश यादव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम पंडरभट्ठा के संजय साहू ने आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार की मांग की।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू 17 अप्रैल अंतिम तिथि, 10 मई को होगी परीक्षा

**रायगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन 24 मार्च 2026 से शुरू हो गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 (रात्रि 12 बजे तक) निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा।

प्रदेश की राजधानी रायपुर में 26 जुलाई 2010 को शुरू किए गए प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराना है। वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 17 संस्थाएं संचालित हैं, जिनमें 7120 सीटें स्वीकृत हैं, जबकि 6064 सीटों पर वर्तमान में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### नि:शुल्क शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और आर्थिक सहायता से छात्रों को मिल रहा संपूर्ण विकास का अवसर

इस वर्ष रायपुर एवं जगदलपुर में सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश खोले गए हैं। वहीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए दुर्ग जिले के पाटन में नवीन प्रयास बालक आवासीय विद्यालय तथा जांजगीर-चांपा में नवीन कन्या आवासीय विद्यालय प्रारंभ किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2023-24 से अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए रायपुर में नवीन प्रयास बालक आवासीय एवं बिलासपुर में कन्या आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। प्रयास आवासीय विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रहने, खाने, गणवेश, पुस्तकों और कोचिंग की सभी सुविधाएं पूरी तरह नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई के साथ इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीए/सीएस, क्लैट और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है।

विद्यालयों में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं कंप्यूटर लैब जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्टडी मटेरियल एवं कोचिंग पुस्तिकाएं प्रदान की जाती हैं और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए शुल्क भी शासन द्वारा वहन किया जाता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं मनोरंजन की सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 2 हजार रुपए प्रतिमाह (12 माह) की छात्रवृत्ति दी जाती है।

# बिलासा एयरपोर्ट विस्तार को बड़ी उड़ान, सेना ने सौंपी 290 एकड़ जमीन

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

न्यायधानी बिलासपुर के चकरभाठा स्थित बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर वर्षों से चल रही प्रतीक्षा आखिरकार खत्म हो गई। सोमवार को भारतीय सेना ने अपनी 290.8 एकड़ जमीन औपचारिक रूप से जिला प्रशासन को सौंप दी। इस महत्वपूर्ण कदम के बाद एयरपोर्ट के पास अब कुल 646.8 एकड़ भूमि उपलब्ध हो गई है। अब इसे 4सी कैटेगरी में अपग्रेड करने के लिए पर्याप्त मानी जा रही है।

जिला मुख्यालय में आयोजित प्रक्रिया के दौरान सेना के अधिकारी कर्नल ए. मजूमदार, कर्नल दिनेश पट्टाभि और लेफ्टिनेंट कर्नल नीरज सिंह के साथ डिफेंस एस्टेट ऑफिस, जबलपुर के अधिकारी मोहम्मद शाद आलम ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को दस्तावेज सौंपे। इस मौके पर एयरपोर्ट डायरेक्टर एन. वीरेन सिंह, एडीएम ज्योति पटेल और एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी भी मौजूद रहे।



अतिरिक्त जमीन मिलने से रनवे विस्तार में आ रही तकनीकी बाधाएं पूरी तरह खत्म हो गई हैं। 4सी कैटेगरी में अपग्रेड होने के बाद अब महानगरों से बड़े विमानों की आवाजाही संभव हो सकेगी, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

वर्तमान में एयरपोर्ट का रनवे 1498 मीटर लंबा है, जहां केवल 72 सीटर एटीआर विमान ही उतर सकते हैं। प्रस्तावित योजना के तहत इसे बढ़ाकर 2800 मीटर किया जाएगा। इसके लिए करीब 80 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने पहले ही 198 करोड़ रुपये का मास्टर प्लान प्रस्तुत किया जा चुका है। अब जमीन मिलने के बाद रनवे स्ट्रिप चौड़ीकरण, लाइटिंग सिस्टम, 4.70 किमी लंबी बाउंड्री वॉल, आधुनिक एटीसी टॉवर और आईएलएस जैसी परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाएगा।

वर्तमान एटीसी अस्थायी है। अब 22 मीटर ऊंचा स्थायी टॉवर बनाया जाएगा, जिसकी लागत करीब 22 करोड़ रुपये होगी। इसके अलावा नए टर्मिनल भवन सहित कुल निवेश 500 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

पीडब्ल्यूडी के अनुसार, रनवे निर्माण एक जटिल प्रक्रिया है। पहले डीपीआर तैयार होगी, जिसमें मिट्टी परीक्षण और ड्रेनेज सिस्टम शामिल होंगे। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की मंजूरी मिलने पर ही निर्माण शुरू होगा, जिसमें 2 से 3 साल लग सकते हैं। यह जमीन हस्तांतरण लंबे समय से अटका हुआ था।

चुनाव के कारण रुकी डिमार्केशन प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई।

केंद्र और राज्य सरकार के बीच राशि को लेकर भी संशोधन हुआ, पहले 90 करोड़, फिर 70 करोड़ रुपये तय किए गए। इस पूरी प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों और हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति की विशेष भूमिका रही।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि अब रनवे विस्तार और अन्य विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

# शराब के नशे में वकील ने हथियार लहराये, राहगीरों में फैली दहशत



**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

शहर में रविवार रात एक वकील ने नशे की हालत में खुलेआम हथियार लहराकर दहशत फैला दी। तलवार, फरसा और पिस्टल के साथ उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पॉश कॉलोनी में दबिश दे पुलिस ने गिरफ्तार किया, पिस्टल, तलवार, फरसा जब्त

मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र के पॉश इलाके रामावैली कॉलोनी का है। पुलिस के अनुसार आरोपी 41 वर्षीय वकील अंशुमान श्रीवास्तव है। वह अपने घर के बाहर बैठकर शराब पी रहा था और हथियार लहराकर राहगीरों में दहशत पैदा कर रहा था। घटना का वीडियो किसी स्थानीय व्यक्ति ने मोबाइल से रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आरोपी की पहचान कर ली।

थाना प्रभारी उमेश साहू अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मकान नंबर 124, ब्लॉक एल-5 को चारों तरफ से घेर लिया और आरोपी को हथियारों के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 32.5 इंच की तलवार, एक पिस्टल और फरसा बरामद किया गया।

पुलिस ने वायरल वीडियो और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

# धान से भरे ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

कटघोरा थाना क्षेत्र के मुदाभांठा बायपास रोड पर सोमवार को एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। धान से भरे एक ट्रक के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे चालक को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया।

मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार दो युवक हुंकारा से मुदाभांठा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अंबिकापुर की तरफ से आ रहा धान से भरा तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों की पहचान शुरू की। इनमें एक युवक की पहचान घुंचापुर निवासी मृतक की पहचान सखो निवासी बिहारी लाल के रूप में की गई है।

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसका पीछा किया और चालक सहित ट्रक को पकड़ लिया।

# नाइट लैंडिंग सुविधा शुरू होने के बावजूद उड़ानें क्यों नहीं ?

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

चकरभाठा स्थित बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार और उड़ानों की सीमित संख्या को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सोमवार को जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने काम की धीमी गति पर नाराजगी जताई और राज्य सरकार व संबंधित एजेंसियों से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट के साथ नया हलफनामा पेश करने के निर्देश दिए।




सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि एयरपोर्ट को 6 फरवरी को नाइट लैंडिंग का लाइसेंस मिल चुका है। इसके बावजूद दो महीने बाद भी एक भी रात की उड़ान शुरू नहीं हुई है। वर्तमान में उड़ान संचालित कर रही एयरलाइन तकनीकी कारणों का हवाला देकर नाइट ऑपरेशन से पीछे हट रही है।

इस पर कोर्ट ने पूछा कि जब सुविधाएं और अनुमति दोनों उपलब्ध हैं, तो आम जनता को इसका लाभ क्यों नहीं मिल रहा?

खंडपीठ ने यह भी पूछा कि केवल एक ही एयरलाइन पर निर्भर रहने के बजाय अन्य निजी एयरलाइनों को जोड़ने के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस संबंध में भी विस्तृत जानकारी हलफनामे में दी जाए। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने बताया कि एयरलाइनों से बातचीत जारी है और जल्द समाधान निकलेगा।

वहीं केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल रामाकांत मिश्रा ने जानकारी दी कि एयरपोर्ट विस्तार के लिए सेना के अधीन जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके लिए सेना की टीम बिलासपुर में मौजूद है।

कोर्ट ने सभी पक्षों के तर्क सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को तय की है। तब तक राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों को एयरपोर्ट की प्रगति, नाइट फ्लाइट संचालन और नई एयरलाइनों को जोड़ने के प्रयासों की पूरी जानकारी देनी होगी।

# शराब पीने के बाद बाइक को लेकर झगड़ा, युवक को निर्वस्त्र कर पीटा

**कोरबा,, प्रतिदिन राजधानी**

जिले में दो दोस्तों के बीच शराब पीने के बाद हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बाइक के विवाद में एक युवक को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दर्री थाना क्षेत्र के एनटीपीसी टाउनशिप स्थित कावेरी विहार कॉलोनी में रहने वाले एक युवक और उसका दोस्त 27 मार्च की रात साथ बैठकर शराब पी रहे थे। शराब खत्म होने पर दोस्त उसकी बाइक लेकर और शराब लेने के लिए निकल गया।

कुछ देर बाद युवक नशे की हालत में पैदल वापस लौटा। उसे देखकर बाइक मालिक सरोज कुमार को शक हुआ और उसने बाइक के बारे में पूछताछ शुरू की। लेकिन युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिससे सरोज गुस्से में आ गया।

गुस्से में आकर सरोज ने युवक को निर्वस्त्र कर दिया और उसकी जमकर पिटाई की। पीड़ित युवक जान बचाने के लिए नग्न अवस्था में इधर-उधर भागता रहा, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। इसके बजाय कई लोग वीडियो बनाते रहे। दर्री थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि घटना की रात पीड़ित युवक ने थाने पहुंचकर मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विशेषज्ञ मनोचिकित्सकों में भर्ती के लिए अनावश्यक देरी की जा रही-हाईकोर्ट

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती में हो रही देरी पर चिंता जताई है। अदालत ने कहा कि विशेष चिकित्सा पदों, खासकर एमडी साइकियाट्रिस्ट की भर्ती में लंबी देरी जनता के हितों को नुकसान पहुंचा रही है।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में राज्य भर में मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और विशेषज्ञ पदों पर भर्ती में अनावश्यक विलंब का मुद्दा उठाया गया है। सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में बताया गया कि छह एमडी साइकियाट्रिस्ट पदों के लिए प्रस्ताव छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को भेज दिया गया है, जो वित्त विभाग की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। प्रस्ताव 5 मार्च 2026 को भेजा गया था। याचिकाकर्ता की ओर से नियुक्त अमिकस क्यूरी ने कहा कि वित्तीय मंजूरी पहले ही मिल चुकी थी, इसलिए नई मंजूरी मांगना केवल औपचारिकता है और इससे भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक देरी हो रही है।

### 28 अप्रैल को सुनवाई में सरकार को देना होगा जवाब

अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि एमडी साइकियाट्रिस्ट पदों की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए और किसी भी अनावश्यक विलंब से बचा जाए। पीठ ने टिप्पणी की कि, स्वास्थ्य जैसे विशेष क्षेत्र में भर्ती की देरी जनता के लिए गंभीर पूर्वाग्रह का कारण बन रही है। प्रक्रियागत आधार पर समय मांगना उचित नहीं है। सरकार ने आश्वासन दिया कि योग्य मनोचिकित्सकों की कमी, सीमित पीजी सीटों और सख्त नियमों के बावजूद भर्ती प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। काउंसलर और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट की भर्ती चल रही है, जबकि पैथोलॉजिस्ट पद के लिए एक उम्मीदवार का चयन हो चुका है। अदालत ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को पिछली दिशानिर्देशों और भर्ती की नवीनतम स्थिति पर अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है। मालूम हो कि न्यायालय लीगल सर्विस कमेटी द्वारा दायर की गई है, जिसमें राज्य में मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और जनता को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# अवैध महुआ शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**रायगढ़,** सहायक आयुक्त आबकारी श्री क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 05 अप्रैल को आबकारी वृत्त रायगढ़ (उत्तर) अंतर्गत शिकायत के आधार पर छापेमारी की गई। इस दौरान कुल 19.500 लीटर महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 3900 रुपये है, जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान पहले आरोपी दिलीप महापात्रो (उम्र शराब (कीमत 1700 रुपये) वर्ष), निवासी लोइंग, थाना चक्रधर नगर, जिला रायगढ़ के पास से 11.000 लीटर महुआ शराब (कीमत 2200 रुपये) जब्त की गई।

# दिव्यांगों को 291 पेंशन और बच्चे शिक्षा से वंचित

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजनों को मिल रही सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। इस पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर 23 अप्रैल तक जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।



याचिकाकर्ता ऋतिक शर्मा ने अपनी अधिवक्ता हमीदा सिद्दीकी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए दावा किया है कि प्रदेश में 22 हजार से अधिक दिव्यांगजन गंभीर उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। याचिका में संसद में पूछे गए सवालों से जुड़े आंकड़ों का हवाला भी दिया गया है।

याचिका में यह भी बताया गया कि दिव्यांगजनों को जीविकोपार्जन के लिए सरकार की ओर से मात्र 291 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है। यह राशि आम नागरिक के एक दिन के खर्च के बराबर भी नहीं है। ऐसे में दिव्यांगजनों के लिए जीवन यापन करना बेहद कठिन हो गया है।

दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र या अन्य संसाधन खुद खरीदने पड़ते हैं, जो उनके लिए संभव नहीं है। याचिका में एक और गंभीर पहलू उजागर किया गया है कि राज्य में एक भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा का अधिकार कानून के तहत स्कूल में नामांकित नहीं है। कोर्ट ने इन सभी बिंदुओं पर राज्य सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है।

अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी, जहां सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

# प्रधानमंत्री ने पीएम मुद्रा योजना की 11वीं वर्षगांठ पर इसकी सफलता पर विचार व्यक्त किए

## प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे पीएम मुद्रा योजना ने लाखों लोगों को सपने देखने का आत्मविश्वास और उन्हें पूरा करने के साधन प्रदान किए हैं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम मुद्रा योजना की सफलता पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे इस योजना ने लाखों लोगों को सपने देखने का आत्मविश्वास और उन्हें पूरा करने के साधन प्रदान किए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बाधाओं को दूर करके और जनता की आकांक्षाओं पर भरोसा जताकर, इस पहल ने पूरे भारत में उद्यमशीलता की भावना को मजबूत किया है। मोदी ने आगे कहा कि पीएम मुद्रा योजना एक ऐसी आर्थिक विचारधारा को दर्शाती है जहां अवसर सुलभ हैं और पहलों को प्रोत्साहन दिया जाता है। योजना की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे इसने युवा शक्ति और नारी शक्ति पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे हर सपने को साकार होने के लिए समर्थन मिल रहा है।

एक्स पर कई पोस्टों की एक श्रृंखला में, प्रधानमंत्री ने लिखाः

पीएम मुद्रा योजना ने लाखों लोगों को सपने देखने का आत्मविश्वास और उन्हें पूरा करने के साधन प्रदान करके ऋण तक पहुंच को फिर से परिभाषित किया है।

बाधाओं को दूर करके और अपने लोगों की आकांक्षाओं पर भरोसा करके, इसने पूरे भारत में उद्यमशीलता की भावना को मजबूत किया है।

मुद्राके11साल

मुद्रा योजना की परिवर्तनकारी क्षमता की एक झलक और इसने हमारी युवा शक्ति और नारी शक्ति पर किस प्रकार सकारात्मक प्रभाव डाला है।

#मुद्राके11साल

'पीएम मुद्रा योजना एक ऐसी आर्थिक विचारधारा को दर्शाती है जहां अवसर सुलभ हैं, पहलों को प्रोत्साहित किया जाता है और हर सपने को साकार होने के लिए समर्थन दिया जाता है।'

# डीएआरई के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट ने आईसीएआर-आईआईडब्ल्यूबीआर, करनाल में चल रही अनुसंधान एवं विकास पहलों की समीक्षा की

- **आईसीएआर खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मजबूत करने के लिए संरक्षित कृषि और जलवायु-अनुकूल गेहूं अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है**
- **करनाल में आईसीएआर के विज्ञान-आधारित नवाचारों से जल दक्षता, किसानों की आय और जलवायु अनुकूलन में वृद्धि हुई है**
- **आईसीएआर की जलवायु-अनुकूल गेहूं, बीएनआई और जैव-पौधारण पहलों के माध्यम से भारत आत्मनिर्भर कृषि को मजबूत कर रहा है**
- **आईसीएआर अनुसंधान उत्पादकता, मृदा स्वास्थ्य और स्थिरता में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है, जो वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य का समर्थन करता है**





**नई दिल्ली।** आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने, आत्मनिर्भरता, जलवायु अनुकूलन और टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने के लिए संरक्षित कृषि और जलवायु-अनुकूल गेहूं और जौ प्रणालियों में परिवर्तनकारी अनुसंधान का नेतृत्व कर रही है।

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट ने आज आईसीएआर-भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर) और आईसीएआर-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआई), करनाल का दौरा किया और वर्तमान में जारी अनुसंधान एवं विकास पहलों की समीक्षा की। दिल्ली से एक मीडिया दल भी उनके साथ इस दौरान मौजूद था।

डॉ. जाट ने इस दौरान, भारत-गंगा के मैदानों में उत्पादकता बढ़ाने, निवेश लागत कम करने और जलवायु परिवर्तनशीलता के प्रति अनुकूलन सुधारने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रमुख अनुसंधान कार्यों की समीक्षा की और जलवायु-अनुकूल तथा संसाधन-कुशल कृषि प्रणालियों को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया।

डॉ. जाट ने भारत की गेहूं उत्पादन संबंधी तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश अच्छी तरह से तैयार है और इस वर्ष अधिक उत्पादन की संभावना है, जिससे घरेलू खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी और वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अन्य देशों को सहायता प्रदान करने की क्षमता भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि आईसीएआर का ध्यान जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलवायु-प्रतिरोधी और पोषक तत्वों से भरपूर फसल किस्मों के विकास पर केंद्रित है, ताकि किसानों की आय और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जैविक नाइट्रिफिकेशन अवरोधन (बीएनआई) जैसी नवाचार तकनीकों से उत्पादकता में कमी किए बिना उर्वरक के उपयोग में 25 प्रतिशत तक की कमी संभव हो रही है, जिससे किसानों और पर्यावरण दोनों को लाभ हो रहा है।

भारत का कृषि क्षेत्र,हरित क्रांति के बाद खाद्य असुरक्षा से अधिशेष उत्पादन की ओर अग्रसर हुआ और यह अब भूजल की कमी, फसल अवशेषों को जलाने, मृदा क्षरण, जैव विविधता हानि और जलवायु जनित जोखिमों जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। इनमें से कुछ परियोजनाएं सीआईएमएमवाईटी, बीआईएसए और जेआईआरसीएएस के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही हैं।

इन प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए, आईसीएआर ने अंतर्राष्ट्रीय मक्का और गेहूं सुधार केंद्र (सीआईएमएमवाईटी) के सहयोग से, वर्ष 2009 से करनाल स्थित सीएसएसआरआई में एक दीर्घकालिक, प्रणाली-आधारित अनुसंधान मंच का नेतृत्व किया है, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप, जलवायु-अनुकूल और संसाधन-कुशल फसल प्रणालियों, विशेष रूप से मक्का-गेहूं उत्पादन प्रणाली पर केंद्रित है।

इस संरक्षण कृषि मंच ने महत्वपूर्ण परिणाम दिए हैं, जिनमें सिंचाई के पानी में 85 प्रतिशत तक की बचत, उर्वरक के उपयोग में 28 प्रतिशत की कमी, ईंधन की खपत में 51 प्रतिशत की बचत और फसल अवशेषों को जलाने में 95 प्रतिशत तक की कमी शामिल है। इसने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 46 प्रतिशत की कमी, प्रणाली उत्पादकता में 33 प्रतिशत तक की वृद्धि और घरेलू आय में लगभग दोगुनी वृद्धि में भी योगदान दिया है, जिससे राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा मजबूत हुई है और बाहरी निवेश और अस्थिर वैश्विक बाजारों पर निर्भरता कम हुई है।

इस पहल ने मजबूत पारिस्थितिक लाभ भी प्रदर्शित किए हैं, जिसमें 15 वर्षों के भीतर मृदा सूक्ष्मजीव आबादी और कार्बनिक कार्बन स्तर दोगुने हो गए हैं, जिससे मृदा स्वास्थ्य, जलवायु अनुकूलन में सुधार हुआ है और कार्बन तटस्थता और वन हेल्थ लक्ष्यों के प्रति राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का समर्थन मिला है। यह मंच अंतरराष्ट्रीय सहयोग के केंद्र के रूप में उभरा है, जहां प्रकृति और विज्ञान सहित 50 से अधिक उच्च-प्रभाव वाली पत्रिकाओं में शोध प्रकाशित हुए हैं और निष्कर्ष फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, अवशेष प्रबंधन और मशीनीकरण पर नीतियों को सूचित करते हैं।

डॉ. जाट ने इस यात्रा के दौरान,भारतीय गेहूं रस्ट अनुसंधान एवं निगरानी कार्यक्रम की भी समीक्षा की, जो समन्वित निगरानी, त्वरित निदान और समय पर सलाह के माध्यम से गेहूं की फसलों को स्ट्राइप, लीफ और स्टेम रस्ट रोगों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दीर्घकालिक निगरानी ने रोपड़ (पंजाब) और यमुनानगर (हरियाणा) जैसे क्षेत्रों में पीली रस्ट की घटना के पूर्वानुमानित पैटर्न स्थापित किए हैं, जिससे प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूती मिली है। 30 से अधिक संस्थानों और कृषि विज्ञान केंद्रों का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क लगभग 1 करोड़ हेक्टेयर में निगरानी का समर्थन करता है, जिसमें प्रतिरोध क्षमता के लिए प्रतिवर्ष 1,000 से अधिक उन्नत गेहूं किस्मों का मूल्यांकन किया जाता है।

बीएनआई-सक्षम गेहूं विकास में हुई प्रगति की भी समीक्षा की गई, जिसमें लीचिंग और उत्सर्जन के कारण होने वाले नुकसान को कम करके नाइट्रोजन उपयोग दक्षता में सुधार करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रजनन, जीनोमिक्स और बहु-स्थान मूल्यांकन को एकीकृत करने वाला अनुसंधान जारी है, जिसमें 19 आशाजनक गेहूं किस्मों का वर्तमान में अनुशंसित नाइट्रोजन स्तरों के 70 प्रतिशत पर मूल्यांकन किया जा रहा है। अनुमान है कि 25 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में इसे अपनाने और नाइट्रोजन के उपयोग में 30 प्रतिशत की कमी से लगभग 2,000 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत हो सकती है।

डॉ. जाट ने एगिलोप्स टाउशी सहित जंगली किस्मों का उपयोग करके पूर्व-प्रजनन कार्यक्रमों की समीक्षा की, ताकि सूखे, गर्मी, खारेपन और रोगों के प्रति सहनशीलता के गुणों को विकसित किया जा सके। ये प्रयास जलवायु परिवर्तन के लिए प्रतिरोधी गेहूं की किस्मों को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम हों।

आईसीएआर ने पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में लौह, जस्ता और प्रोटीन से समृद्ध गेहूं की 55 जैव-संरक्षित किस्में जारी की हैं। गेहूं की खेती का लगभग 45 प्रतिशत क्षेत्र अब जैव-संरक्षित किस्मों के अंतर्गत है, जो किसानों द्वारा इन्हें अपनाने में वृद्धि और किस्मों के उच्च प्रतिस्थापन दर को दर्शाता है।

डॉ. जाट ने शून्य जुताई, अवशेष प्रतिधारण और मशीनीकृत बुवाई जैसी संरक्षण कृषि पद्धतियों की भी समीक्षा की, जिनसे प्रणाली की उत्पादकता में 6-10 प्रतिशत तक सुधार हुआ है, साथ ही मृदा कार्बनिक कार्बन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और ईंधन और समय में 70-75 प्रतिशत तक की बचत हुई है।

आईआईडब्ल्यूबीआर में जौ के अनुसंधान और विकास का भी आकलन किया गया, जिसमें जलवायु-अनुकूल और संसाधन-दक्ष फसल के रूप में इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। कम पानी और उर्वरक की आवश्यकता तथा खाद्य, पशु आहार और औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ती मांग के साथ, विशेष रूप से इसकी उच्च आहार फाइबर सामग्री और स्वास्थ्य-केंद्रित खाद्य उत्पादों में इसकी भूमिका के कारण जौ टिकाऊ कृषि का एक प्रमुख घटक बनकर उभर रहा है।

वैज्ञानिक नवाचार को जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के साथ एकीकृत करके, आईसीएआर किसानों को सशक्त बनाना, ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना और महिलाओं तथा युवाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना जारी रखता है, जिससे अनुकूल, आत्मनिर्भर और टिकाऊ कृषि के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को बल मिलता है।

# 3 दिन... राष्ट्रीय स्तर के कृषि मेले में सभी योजनाओं से किसान होंगे रूबरू




- **रायसेन के कृषि मेले में उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक, जैविक प्रमाणन और किसान अधिकार पर फोकस- शिवराज सिंह चौहान**
- **गांव-गांव से हजारों किसान उन्नत कृषि महोत्सव में होंगे शामिल; केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने सरपंचों से किया संवाद**

**रायसेन/ भोपाल/ नई दिल्ली।** रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक होने वाले राष्ट्रीय कृषि मेले में फसल बीमा, ऋण, कृषि अवसंरचना कोष, उन्नत बीज-उर्वरक, जैविक प्रमाणन, एफपीओ-मार्केटिंग और भविष्य का "कृषि रोडमैप"– किसान को हर जानकारी एक ही मंच पर मिलेगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज क्षेत्र के सरपंचों के साथ वर्चुअल संवाद कर उनसे अपील की कि वे गाँव-गाँव से अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित कर इस कृषि मेले को किसान भागीदारी से सफल बनाएं।

### ये तीन दिन किसानों के लिए "जीवंत विश्वविद्यालय" जैसे

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक होने वाला राष्ट्रीय स्तर का कृषि मेला वास्तव में खेती का गेम-चेंजर "कृषि महाकुंभ" होगा, जहाँ बीज से लेकर बाजार और बीमा से लेकर क्रेडिट तक हर पहलू पर समाधान एक ही जगह उपलब्ध रहेगा। वर्चुअल संवाद में उन्होंने सरपंचों से कहा कि ये तीन दिन किसानों के लिए "जीवंत विश्वविद्यालय" जैसे हैं, जहाँ वे आधुनिक यंत्रों, ड्रोन, बीज, उर्वरक, जैविक खेती और एफपीओ-मार्केटिंग के मॉडल के साथ-साथ बीमा, ऋण, अवसंरचना और कृषि रोडमैप के माध्यम से भविष्य की सुरक्षित और समृद्ध खेती की दिशा तय कर सकेंगे।

चौहान ने आज क्षेत्र के रायसेन, विदिशा, सीहोर और आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ वर्चुअल चर्चा में विस्तार से मेले की रूपरेखा साझा की और उनसे अपील की कि वे प्रत्येक गाँव से अधिक से अधिक किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों और एफपीओ सदस्यों को मेला स्थल तक लाने के लिए सहभागी बनें। हजारों किसान इस आयोजन में शामिल होकर लाभान्वित होंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि सरपंच इसे अपने गाँव का मिशन बना लें तो यह मेला किसानों की भागीदारी वाला लोक-उत्सव बन जाएगा, जो आने वाले वर्षों की खेती की दिशा तय करेगा।

### फसल बीमा, बीमा कंपनियाँ और "कृषि रक्षक" प्लेटफॉर्म

शिवराज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) सेक्शन में बीमा कंपनियाँ मौके पर ही इच्छुक किसानों को फसल बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराएँगी, ताकि किसान लाइव बीमा कवर लेकर ही वापस जाएँ। "किसान पाठशाला" (Farmers' Workshop), AIDE ऐप (App for Intermediary Enrolment– मध्यस्थ पंजीकरण मोबाइल अनुप्रयोग), IEC सामग्री, कॉमिक-बुकलेट, प्रश्नोत्तर पुस्तिका, पर्चे, अनुभव-वीडियो और "कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्पलाइन" की जानकारी के माध्यम से बीमा से जुड़ी हर शंका का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। मेले में विशेषज्ञ किसान भाइयों को प्रीमियम शेयर, क्लेम प्रक्रिया, नुकसान की रिपोर्टिंग, सर्वे और समय पर भुगतान जैसे विषयों पर सरल भाषा में मार्गदर्शन देंगे।

### कृषि ऋण, KCC और अवसंरचना कोष

कृषि ऋण और क्रेडिट सत्रों में किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), टर्म-लोन, संयुक्त देयता समूह (JLG), स्वयं सहायता समूह ऋण, और कृषि अवसंरचना कोष (AIF) के अंतर्गत वेयरहाउस, कोल्ड-स्टोरेज, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाई, वैल्यू-एडिशन और लॉजिस्टिक्स प्रोजेक्ट्स के लिए ब्याज-सबवेंशन तथा क्रेडिट गारंटी जैसी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। किसानों को यह समझाया जाएगा कि "सुरक्षित उपज, समृद्ध किसान" का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब अच्छी फसल के साथ अच्छा भंडारण, प्रसंस्करण और बाज़ार-जुड़ाव भी सुनिश्चित हो।

# भारतीय सेना का दस्ता भारत-मिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'साइक्लोन' के लिए रवाना हुआ

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एक दस्ता भारत-मिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'साइक्लोन-IV' के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए मिस्र रवाना हो गया है। यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 9 से 17 अप्रैल, 2026 तक मिस्र के अंशास क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है।

यह अभ्यास भारत और मिस्र के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग की निरंतरता का प्रतीक है, जिसे भारत में आयोजित पिछले सफल संस्करण के बाद आगे बढ़ाया जा रहा है। भारतीय दल में विशेष बलों की इकाईयों के 25 चयनित जवान शामिल हैं और वे सभी अपने मिस्र के समकक्षों के साथ वास्तविक युद्धक माहौल में संयुक्त प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विशेष अभियानों में सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान के माध्यम से संयुक्त मिशन नियोजन क्षमताओं को सुदृढ़ करना तथा दोनों सेनाओं के बीच आपसी तालमेल को और बेहतर बनाना है। इसके अंतर्गत भाग लेने वाले सैनिक रेगिस्तानी व अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों में विशेष अभियान से जुड़ी रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं पर केंद्रित विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों की श्रृंखला में भाग लेंगे।

यह संयुक्त अभ्यास पेशेवर विशेषज्ञता के आपसी आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेगा और दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, यह एक-दूसरे की सैन्य परंपराओं, कार्य संस्कृति और कार्य कुशलता के दृष्टिकोण को समझने का महत्वपूर्ण मंच भी बनेगा।

अभ्यास साइक्लोन जैसे द्विपक्षीय सैन्य कार्यक्रम भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ये अभ्यास न केवल आपसी विश्वास को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच संबंधों को भी नई मजबूती प्रदान करते हैं।

# भारत-अमेरिका व्यापार को गति देने के लिए नया पोर्टल लॉन्च, 500 अरब डॉलर लक्ष्य पर जोर




**वॉशिंगटन।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को भारत-अमेरिका व्यापार सुविधा पोर्टल लॉन्च किया। यह पहल दोनों देशों के बीच 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर पहुंचे मिसरी ने इस पोर्टल को एक वर्चुअल कार्यक्रम में लॉन्च किया, जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और दोनों देशों के अधिकारी व व्यापार प्रतिनिधि शामिल हुए। मिसरी ने कहा कि यह पोर्टल दोनों देशों के बीच व्यापार को मजबूत करने का माध्यम बनेगा। इससे मौजूदा आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूती मिलेगी और नए व्यावसायिक संबंध विकसित करने में मदद मिलेगी।

विदेश सचिव अपने दौरे के दौरान अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर व्यापार और रक्षा संबंधों की समीक्षा करेंगे। साथ ही वैश्विक मुद्दों, खासकर पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा करेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब दोनों देश हाल के तनाव के बाद संबंधों को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कुछ बयानों से संबंधों में खटास आई थी। फरवरी में दोनों देशों के बीच पारस्परिक और लाभकारी व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा भी तय की गई थी।

# हरियाणा के सिरसा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत अधिसूचित खारा जल मत्स्यपालन क्लस्टर की स्थिति की समीक्षा की जाएगी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्य विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी ने 8 अप्रैल, 2026 को हरियाणा के सिरसा जिले का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य पीएमएमएसवाई के तहत अधिसूचित खारा जल मत्स्यपालन क्लस्टर की प्रगति की समीक्षा करना और क्षेत्र में खारा जल मत्स्यपालन में लगे झींगा पालकों से बातचीत करना था। इस दौरे में केंद्रीय सचिव ने झींगा और मछली पालकों से भी बातचीत की ताकि जमीनी स्तर पर मौजूद कमियों और चुनौतियों को समझा जा सके।

मछली पालकों को संबोधित करते हुए डॉ. लिखी ने उत्पादकता, उत्पाद की गुणवत्ता और समग्र लाभप्रदता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित झींगा पालन पद्धतियों, वैज्ञानिक तालाब प्रबंधन और सुदृढ़ जैव सुरक्षा उपायों के साथ-साथ सतत क्षमता विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर





बल दिया कि सिरसा जैसे खारे जल से प्रभावित क्षेत्रों में झींगा पालन के माध्यम से भूमि के सर्वोत्तम उपयोग की अपार संभावनाएं हैं, जो आय विविधीकरण, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। एमपीईडीए को निर्यात संबंध स्थापित करने और किसानों के लिए क्षमता निर्माण में सहायता हेतु आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने की सलाह दी गई। यह भी बताया गया कि परीक्षण किटों की सुगम उपलब्धता आवश्यक है, और राज्य से आग्रह किया गया कि वे स्थानीय स्तर पर इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि झींगा पालकों को परीक्षण के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत क्लस्टर आधारित मत्स्य विकास पहलों के समग्र कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू), सिरसा में हाइब्रिड मोड में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। चर्चा में प्राप्त प्रगति, अंतर-संस्थागत समन्वय, योजनाओं के समन्वय और क्लस्टर स्तर पर कार्यान्वयन संबंधी कमियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में केंद्रीय मत्स्य विभाग और हरियाणा सरकार के मत्स्य विभाग के अधिकारी, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मत्स्य क्लस्टरों के प्रतिनिधि, आईसीएआर मत्स्य संस्थानों के वैज्ञानिक और एनएफडीबी, आईसीएआर-सीआईएफई, एमपीईडीए, नाबार्ड, मछली पालकों, झींगा पालकों, मत्स्य सहकारी समितियों, मत्स्य विश्वविद्यालयों और मत्स्य कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान, झींगा पालकों ने बिजली की उच्च लागत और अनियमित उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण बीज के लिए अन्य राज्यों पर निर्भरता और अपर्याप्त जल आपूर्ति सहित कई चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि झींगा पालन गतिविधियों के विस्तार में सहयोग के लिए पंचायत के स्वामित्व वाली भूमि स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को पट्टे पर उपलब्ध कराई जाए।

मत्स्य विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी ने हरियाणा के सिरसा जिले के रघुआना गांव में श्री प्रीतपाल सिंह और श्रीमती मनप्रीत कौर के झींगा फार्म का दौरा किया, जिसे पीएमएमएसवाई के तहत विकसित किया गया है। यह फार्म

# श्री राम मंडली श्री राम युवा मंडली द्वारा जय झूलेलाल मंदिर भोईपारा का 36वां सालाना स्थापना दिवस बड़ी धूम धाम भव्य रूप से मनाया गया







**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

कार्यक्र म की शुरुआत सुबह 10 :00 बजे भगवान झूलेलाल जी को नए वस्त्र धारण कराए गए नये आभूषण पहनाए गए विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। 10 :30 बजे प्रतिमा का दुग्धाभिषेक 11 :30 पूज्य बहराणा साहब की अखंड ज्योत प्रज्वलित करके सत्संग कीर्तन गीत संगीत लाल साईं म्यूजिकल पाटी के द्वारा एवं रामाधार सारथी और अमन बघेल के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसमें सिंधी डांडिया छेज नृत्य के साथ छोटे बच्चों के द्वारा हिंगलाज माता श्री गणेश जी एवं डांस की प्रस्तुति दी जिसे देख कर साध संगत मंत्रमुग्ध हुई। इस सुअवसर पर दोपहर 12 :00 बजे से संत जनों आगमन हुआ।







सर्वश्री भवानी मंदिर से संत योगी नाथ जी, पूज्यनीय मांढर वाली माता रानी जी , साई जल कुमार मसंद साहिब जी, भाई साहिब सूरत सिंग सिंधी दरबार से भाई प्रदीप जी , बाबा किशाराम दरबार के भाई साहिब श्याम सुंदर जी, शंकर जीवनानी जी, भाई साहिब हरिश कुमार जगयासी जी, भाई हरिशचंद सिंधी दरबार से भाई साहिब अमर लाल जी , दुर्गा मंदिर लिली चौक के सेवादारी नानकराम जी, प्रीतम केशवानी जी , महेश केशवानी जी,जयराम कुकरेजा जी,वासु पहलजानी, श्री सिंधु अमर धाम आश्रम के सेवादारी सुनील रामवानी, सागर दुल्हानी जी देवपुरी दरबार से पवन प्रीतवानी विशेष रुप से उपस्थित थे।

साथ संगत को अपने दर्शन देकर निहाल किया एवं अमृतवाणी में सभी संत जनों ने मंदिर स्थापना दिवस की समस्त रायपुर वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जय झूलेलाल मंदिर में भक्तगण दर्शन कर संतो का आशीर्वाद लेने रायपुर शहर के अधिकांश मुखीगण सर्वश्री मूलचंद पृथ्वानी,अच्छुमल गावरी जी मोटूमल अडवानी, ,श्याम रूपरेला ,बालकिशन प्रीतवानी, लालचंद गुलवानी,ओमप्रकाश पंजवानी, गिरीश लहेजा,मुरली केवलानी, सुधीर रामानी, अशोक खूबवानी, गुरनामल रोहड़ा, अप्पू वाडिया, डॉ. एन डी गजवानी राज कुमार डेंगवानी झामन दास बजाज साधु राम जीवनानी बालचंद असरानी, नाथूमल धनवानी,अमर वलेचा, ईश्वर कोडवानी अशोक माखीजा, भरत रामानी, विभिन्न संस्थाओ के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण रायपुर दक्षिण के विधायक श्री सुनील सोनी जी, पूर्व विधायक श्रीचंद् सुंदरानी जी वरिष्ठ भाजपा नेता , श्री राजीव अग्रवाल जी , श्रीलोकेश कावड़िया जी, श्री अमरजीत सिंग छाबड़ा, पार्षद गण श्री अमर गिदवानी जी, श्री सचिन मेघानी जी, श्री अजय साहु जी, डॉ अनामिका सिंह, श्री मुरली शर्मा, श्रीमती सुमन अशोक पांडे, दीनबंधु ठाकुर, भाजपा सदर बाजार मंडल के वरिष्ठ नेतागण व पवन सिंघानिया के के अवधिया छग सिधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष , श्री महेश दरयानी जी , समाजसेवी श्री अनेश बजाज जी, श्री राजेश वासवानी जी, श्री अमित जीवन जी, श्री बलराम पी आहुजा जी, श्री सुनील बजाज जी श्री परमानंद चिमनानी जी, श्री मोनू आहूजा जी, श्री खेमा मिरघानी जी , श्री मोहन होतवानी जी,डॉ राधाकृष्ण राम चंदानी जी, श्री चेतन तारवानी जी, श्री राधाकृष्ण सुंदरानी जी, श्री किशोर आहुजा जी, श्री कैलाश बालानी जी, श्री विकास रूपरेला जी, श्री लक्ष्मी चंद गुलवानी जी, श्री राजू भाई तारवानी जी, श्री प्रकाश बजाज जी, श्री अनिल केवलानी, बबला होतवानी, नरसा लालवानी, विकी टेकवानी, प्रकाश लालवानी, महेश पृथ्वानी, बलराम मध्यान, दीपक डोडवानी, सुरेश डोडवानी, जय गोलू केशवानी , झामन दास आठवानी, शंकर बजाज, अशोक मलानी, अशोक कुकरेजा सेवा पथ के पहलाद खेमानी के साथ समस्त सदस्य बढ़ते कदम श्री राज़कुमार मंगतानी, श्री सुनील नारवानी ,एक पहल और श्री राजेश वाधवानी , अमर चांदनानी, सतीश छुगानी , प्रताप थौरानी मोहन आहुजा, विनोद सितलानी, राजेश देवानी रॉकी कृष्णानी , मोनु डेम्बवानी, मनोज रामवानी, नरेश सतवानी, प्रेमप्रकाश मध्यानी, अजय भाई , चन्दु माखीजा, कम्पी लालवानी, अशोक चावला, मनु मलघानी, शंकर कृष्णानी, श्याम बिरनानी, अभित ढ़िगवानी, गोलु डोडानी, नरेश गोवानी, रितेश कृष्णानी, बबला रोहरा, जितेन्द्र बडवानी, सुदेश मंधान, राजेश गुरनानी, रमेश मंधान , शेरू दासवानी, बंटी मलंग, मुकेश दासवानी ,, विकास रूपरेला , अनिल लाहोरी सुभाष बजाज मनीष पंजवानी हेमत मेघानी राकेश गब्बर डेगवानी ,उमेश डेगवानी, मनोज डेगवानी , कमल धामवानी, आकाश बिरनानी , अमित वलेचा जी ,सुनील रंगलानी, राजकुमार पंजवानी, महेश भाई, मनोहर सचदेव, श्रीमती भावना प्रकाश कुकरेजा जी, भरत पमनानी, इंदर वाधवानी, सागर आहुजा, रोशन रंगलानी, बिटू पिंजानी, काली



जुमनानी ,राजू डोडानी, मुकेश खेमानी,श्री रमेश वालेचा जी, विक्की अजय साहिल अभिषेक बिरनानी, सुमीत रोहड़ा आदिजन, और बाहर बिलासपुर–तिल्दा–दुर्ग–मांढर से आये भक्तगण व माताएं बहने बड़ी संख्या में भगवान जय झुलेलाल मंदिर में भजन कीर्तन एवं बहराणे साहिब की पूजा अर्चना, पल्लव, सुख समृद्धि के लिए अरदास, प्रतिमा का दुग्धाभिषेक, सिंधी डांडिया छेज नृत्य किया एवं समिति द्वारा आए संतो व अतिथियों का शॉल, श्रीफल से स्वागत किया गया।

तत्पश्चात आम भंडारा एवं संतो का सभी भक्तगण ने आशीर्वाद लिया संध्या काल में ढोल बाजे के साथ मंदिर से निकल कर तलाब पहुंचे यहां पर विधि विधान के साथ पूज्य बाराणा साहब एवं अखंड ज्योत साहब का तालाब में विसर्जन किया गया।

### आयोजनकर्ता

कार्यक्रम के आयोजनकर्ता श्री प्रेम बिरनानी ने जानकारी दी। भव्य सफल कार्यक्रम आयोजित होने पर आप सभी का श्री राम मंडली श्री राम युवा मंडली प्रेम बिरनानी दमोदर डोडानी राजू बिरनानी जितू बिरनानी अजय डोडानी लोकु भावनानी नरेश कुकरेजा मनोज अडवानी जीतू सचदेव पुरुषोत्तम नागदेव देवा गुडवानी भरत नागदेव बबु रामचंदानी आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा है । हम आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

आगे भी आप सभी जनों का ऐसा ही सहयोग हमारे आयोजन समिति श्री राम मंडली श्री राम युवा मंडली भोईपारा को सदैव मिलता रहेगा।

जय झूलेलाल

## विधानसभा चुनाव: असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल (गुरुवार) को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की किस्मत 09 अप्रैल को ईवीएम में बंद हो जाएगी। इन सभी सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया एक ही चरण में पूरी की जाएगी।

असम में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। 18–19 आयु वर्ग के 5.75 लाख युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। असम की 126 विधानसभा सीटों के लिए 722 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। राज्य की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई, 2026 को समाप्त होने वाला है।

इसी तरह से केरल विधानसभा की 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है, जिसमें प्रमुख राजनीतिक दल शामिल हैं। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों के बहुमत की आवश्यकता है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं।

वहीं, पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से पांच सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं।

## उत्तर बंगाल की जनसभा में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का तृणमूल सरकार पर निशाना, परिवर्तन का किया आह्वान



**एजेंसी, कोलकाता**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आगामी विधानसभा चुनाव में परिवर्तन का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग की पहाड़ियों से लेकर सुंदरबन के द्वीपों तक तथा उत्तर बंगाल के चाय बागानों से लेकर कोलकाता की गलियों तक राज्य में बदलाव की मांग उठ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार के शासन में भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और अपराध बढ़े हैं। भाजपा अध्यक्ष ने अपने भाषण में तृणमूल कांग्रेस पर कट मनी, घोटालों और कानून व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा बन गया है और कई चर्चित घटनाओं ने राज्य की छवि को प्रभावित किया है।

## प्रधानमंत्री ने कैबिनेट के फैसलों को बताया किसान, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बड़ा कदम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कैबिनेट के फैसलों को देश के किसानों, स्वच्छ ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इन निर्णयों की जानकारी साझा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद किसानों का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी दिशा में वर्ष 2026 के खरीफ सीजन के लिए न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी (एनबीएस) में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है, जिससे किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होते रहेंगे।

स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक और बड़े कदम का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि अरुणाचल प्रदेश में कमला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इससे देश के क्लीन एनर्जी इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी और राज्य में बिजली, इंफ्रास्ट्रक्चर तथा सामुदायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

इसके साथ ही, कालई–II हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को भी स्वीकृति दी गई है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा, टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाएगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार व विकास के अवसर पैदा करेगा।

प्रधानमंत्री ने जयपुर मेट्रो फेज–2 परियोजना को भी शहर के लिए बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चरल अपग्रेड बताया। उन्होंने कहा कि इससे कनेक्टिविटी का विस्तार होगा, ट्रैफिक जाम में कमी आएगी और लोगों के जीवन को अधिक सुगम बनाया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री के अनुसार, ये सभी फैसले देश के समग्र विकास, टिकाऊ ऊर्जा और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत वाली कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। इनमें खरीफ 2026 (अप्रैल–सितंबर) के लिए पोषक तत्व–आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें, जयपुर मेट्रो चरण–2 परियोजना और एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी के लिए संशोधित लागत शामिल हैं।

## चार सड़कों के डामरीकरण के लिए 5.93 करोड़ मंजूर

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृति आदेश जारी

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम में चार प्रमुख सड़कों के डामरीकरण के लिए पांच करोड़ 93 लाख 45 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय–सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम के कोरबा जोन में सुनालिया ब्रिज से पॉवर हाउस रोड फाटक अंडर ब्रिज रोड तक डामरीकरण के लिए एक करोड़ 12 लाख 55 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। कोरबा जोन में ही पॉवर हाउस रोड फाटक से पुराने बस स्टैंड अंडर ब्रिज तक डामरीकरण के लिए एक करोड़ 56 लाख 90 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। विभाग ने कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत जैन चौक से घंटा घर सड़क तक डामरीकरण के लिए एक करोड़ 25 लाख रुपए तथा घंटा घर से कोसाबाड़ी चौक तक डामरीकरण कार्य के लिए एक करोड़ 99 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771-2223399, मो.–6262904444